Australian Government

# प्रारंभिक वर्षों की कार्यनीति

2024-2034



# विषयसूची

**भूमिका** .......... **2**
**सारांश** .......... **3**
बाल्यावस्था के प्रारंभिक वर्षों से क्या तात्पर्य है? वे महत्वपूर्ण क्यों हैं? .......... 3
हमें कार्यनीति की आवश्यकता क्यों है? .......... 4
कार्यनीति क्या होती है? .......... 6
कार्यनीति कौन प्रदान करेगा? .......... 7
एक पन्ने में कार्यनीति .......... **9**
**उद्देश्य** .......... **10**
**सिद्धांत** .......... **11**
**परिणाम** .......... **12**
**प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र** .......... **15**
प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र 1: प्रारंभिक वर्षों को महत्व देना .......... 15
प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र 2: माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों को सशक्त बनाना .......... 17
प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र 3: समुदायों का समर्थन करना और उनके साथ मिलकर कार्य करना .......... 22
प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र 4: जवाबदेही और समन्वयता को सुदृढ़ करना .......... 24
**अगले चरण** .......... **26**
कार्य योजनाएँ .......... 26
निगरानी .......... 26
निरीक्षण .......... 26
**परिशिष्ट** .......... **28**
परिशिष्ट 1: योजना को विकसित कैसे किया गया .......... 28
परिशिष्ट 2: प्रारंभिक वर्षों के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के समर्थन, पहल और योजनाएँ .......... 30
परिशिष्ट 3: शब्दकोष .......... 35

## राष्ट्र का अभिस्वीकरण

ऑस्ट्रेलियाई सरकार पूरे ऑस्ट्रेलिया में, जिस पर हम एकत्र होते हैं, रहते हैं, काम करते हैं और खड़े होते हैं, उस देश के पारंपरिक मालिकों के प्रति सम्मान प्रकट करती है। हम सभी पारंपरिक संरक्षकों, उनके अतीत, वर्तमान और उभरते बुज़ुर्गों के प्रति अपना सम्मान प्रकट करते हैं, और हम उनकी संस्कृति, समुदाय, भूमि, समुद्र और जल के साथ उनके निरंतर संबंध के प्रति भी अपना सम्मान प्रकट करते हैं।

## प्रारंभिक वर्षों के लिए उद्देश्य

प्रारंभिक वर्षों के लिए कार्यनीति (कार्यनीति) छोटे बच्चों को उनके सुनहरे भविष्य के लिए तैयार करने हेतु हमारे द्वारा किए जाने वाले सामूहिक प्रयासों की **दिशा और कार्यप्रणाली** को तय करती है।

इसका उद्देश्य यह है कि ऑस्ट्रेलिया में सभी बच्चे अपने प्रारंभिक वर्षों में फले-फूलें। सुदृढ़ समुदायों द्वारा सहायता प्राप्त सशक्त और संयोजित परिवारों द्वारा पालन-पोषण होने पर बच्चों के पास अपने संपूर्ण सामर्थ्य तक पहुँचने का अवसर होता है।

**कार्यनीति बच्चों के अधिकारों का सम्मान करती है।**

**कार्यनीति को साक्ष्यों के आधार पर बनाया गया है।**

**कार्यनीति द्वारा छोटे बच्चों को प्रभावित करने वाली नीतियों और कार्यक्रमों पर बेहतर निर्णय लिए जाने में सहायता मिलेगी।**

**कार्यनीति विवरण देती है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार किन क्षेत्रों में बच्चों का समर्थन करने के अपने प्रयासों को प्राथमिकता देगी और किन क्षेत्रों में उनकी भलाई तथा परिणामों के लिए जवाबदेह होगी।**

## पाठक के लिए मार्गदर्शिका

यह दस्तावेज़ कार्यनीति की रूपरेखा को 4 भागों में प्रस्तुत करता है:

उद्देश्य

सिद्धांत

परिणाम

प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र।

मिलकर ये सभी भाग तय करते हैं कि कार्यनीति द्वारा क्या हासिल किये जाने की उम्मीद है और क्यों।

कार्यनीति को कार्य योजनाओं के माध्यम से प्रदान किया जाएगा और इसका आकलन परिणाम ढांचे के विरुद्ध किया जाएगा। कार्य योजनाओं और परिणाम ढांचों को अभी तक विकसित नहीं किया गया है, लेकिन इसके अगले चरणों के लिए संक्षिप्त विवरण कार्यनीति के अंत में दिया गया है।

कार्यनीति के बारे में आपकी समझ का समर्थन करने के लिए, आप निम्न का उपयोग कर सकते/सकती हैं:

उपयोग किये गए मुख्य शब्दों की शब्दावली (page 35 देखें)

साक्ष्य सारांश जो प्रारंभिक वर्षों के महत्त्व और ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के प्रदर्शन के बारे में जानकारी प्रदान करता है (Early Years Strategy | Department of Social Services, Australian Government (dss.gov.au))

प्रारंभिक वर्षों की कार्यनीति परामर्श रिपोर्ट 2023 (The Early Years Strategy Consultation Report 2023 | Department of Social Services, Australian Government (dss.gov.au))।

# भूमिका

वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में 0-5 वर्ष के लगभग 1.82 मिलियन बच्चे हैं। हर एक मिनट और तैंतालीस सेकंड में इस महान देश में एक नए बच्चे का जन्म होता है। इनमें से बहुत से बच्चे अपने जीवन में बढ़िया शुरुआत के लिए आवश्यक सभी चीजों के साथ आगे बढ़ेंगे और विकास करेंगे और अपने लक्ष्यों को हासिल करेंगे। ऐसा विशेषकर ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा प्रारंभिक वर्षों में बच्चों और उनके परिवारों के लिए लागू नीतियों और कार्यक्रमों में किए गए महत्वपूर्ण निवेश के माध्यम से होता है। इस सरकार का यह मानना है कि प्रत्येक बच्चे को उसके प्रारंभिक वर्षों में फलने-फूलने का अवसर मिलना अहम है, चाहे उनका जन्म कहीं भी हुआ हो या वह कहीं भी पले-बढ़े हों। इसे हासिल करने के लिए और भी बहुत कुछ किया जा सकता है।

माता-पिता और देखभालकर्ताओं द्वारा हमें यह बताया गया कि प्रारंभिक बाल्यावस्था की नीतियों और कार्यक्रमों की जिम्मेदारी विभिन्न सरकारी पोर्टफोलियो और प्रदाताओं के पास होने के कारण प्रारंभिक वर्षों में सहायता प्राप्त करना भ्रामक और कठिन हो सकता है।

वास्तविकता यह है कि माता-पिता द्वारा बच्चों की परवरिश करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रणाली ***जटिल और विखंडित*** है। स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा, देखभाल और सामाजिक समर्थन के कार्यक्रम और सेवाएँ ऑस्ट्रेलियाई, राज्य, टेरिटरी और स्थानीय सरकारों के साथ-साथ कई गैर-सरकारी प्रदाताओं द्वारा भी प्रदान किए जाते हैं।

नए माता-पिता और देखभालकर्ताओं को अक्सर अपने नवजात शिशु के स्वस्थ पालन-पोषण से संबंधित जानकारी **भाव** विह्वल करने वाली लग सकती है। वे इसकी चिंता नहीं करते हैं कि कौन कितना फंड देता है या प्रत्येक सेवा के लिए कौन सा विभाग जिम्मेदार है, वे केवल अपने बच्चों के फलने-फूलने के सबसे बढ़िया अवसर चाहते हैं।

चाहे सेवाएँ कहीं भी, या किसी भी सरकार या संगठन द्वारा प्रदान की जाएँ, लेकिन वे एक-दूसरे से अच्छे से जुड़ी हुई और प्रभावी ढंग से संचालन करती होनी चाहिए ताकि बच्चों की देखभाल और परिवारों के समर्थन के लिए उन्हें सर्वोत्तम रूप से लक्षित किया जा सके। माता-पिता और देखभालकर्ता यह जानना चाहते हैं कि सरकार द्वारा छोटे बच्चों और उनके स्वस्थ विकास का समर्थन करने हेतु नीति निर्णय लेते समय और और फंडिंग कार्यक्रम बनाते समय नवीनतम साक्ष्य और साहित्य पर विचार किया गया ।

प्रारंभिक वर्षों की कार्ययोजना का विकास हमारी चुनावी प्रतिबद्धता से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है और इसे व्यापक परामर्श द्वारा सूचित किया गया है। इस परामर्श से सामने आने वाला मुख्य विषय ऑस्ट्रेलियाई सरकारी एजेंसियों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता का होना है: ताकि सरकार के पास एक साझे उद्देश्य का होना और मिलजुल कर काम करने के बेहतर तरीके खोजना सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्यनीति ऑस्ट्रेलियाई सरकार के प्रारंभिक बाल्यावस्था कार्यक्रमों, नीतियों और सेवाओं के बेहतर तालमेल के लिए एक सहमत ***ढांचा*** प्रदान करती है।

> यह प्रारंभिक वर्षों में, बच्चों की भलाई के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के निवेशों पर ध्यान केंद्रित करने, इन्हें पुनः संगठित करने और इनकी बेहतर तालमेल बनाने की नींव प्रदान करती है।

हम बिल्कुल शुरुआत से शुरु नहीं कर रहे हैं। हमें परिवारों या समुदायों के लिए प्रत्येक कार्यक्रम या समर्थन को नया स्वरूप देने की आवश्यकता नहीं है। हमें अगले दशक में प्रारंभिक वर्षों में निवेश के अपने मजबूत रिकॉर्ड को बाल्यावस्था में ही बेहतर परिणाम देकर इसे आगे ले जाना होगा। एक ***रोडमैप*** के रूप में यह कार्यनीति प्रारंभिक वर्षों में निवेश के महत्व और प्रभाव को अधिक से अधिक करते हुए नीतियों और कार्यक्रमों का मार्गदर्शन करेगी ताकि हम सभी बच्चों के लिए सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त कर सकें।

हम रोज़ाना यह देखते हैं कि परिवार और समुदाय बच्चों के विकास के लिए एकजुट होते हैं। बच्चों की परवरिश में और यह जानने में कि वे आगे बढ़ रहे हैं, विकास कर रहे हैं और अपने सामर्थ्य तक पहुँच रहे हैं, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने में एक साझा उद्देश्य है। प्रत्येक बच्चे के जीवन के पहले 5 वर्ष उनके भविष्य के वर्षों पर स्थायी रूप से प्रभाव डालेंगे। हम सभी परिवारों, देखभालकर्ताओं, रिश्तेदारों और व्यापक समुदाय को प्रारंभिक वर्षों की ***अहमियत*** और ***महत्व*** को उजागर करने के लिए मिलजुल कर काम करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

हम अभी ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि सभी बच्चे फलने-फूलने का अवसर मिलने के पात्र होते हैहैं। सुदृढ़ बाल्यावस्था भविष्य में सुदृढ़ राष्ट्र का समर्थन करती है। यह कार्यनीति हमारे सबसे छोटे बच्चों से संबंधित भविष्य के निवेश और सरकारी निर्णयों में हमारा मार्गदर्शन करेगी। हमें ***सभी बच्चों*** को जीवन में सर्वोत्तम शुरुआत करने के अवसर प्रदान करने होंगे - इससे और अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है।

माननीय Amanda Rishworth MP, सामाजिक सेवाएँ मंत्री

माननीय Dr Anne Aly MP, प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा मंत्री

# सारांश

ऑस्ट्रेलिया में, 0-5 वर्ष के लगभग 1.82 मिलियन बच्चे हैं।

किसी भी बच्चे के जीवन के ये प्रारंभिक वर्ष उसके विकास पर विशेष रूप से प्रभाव डालते हैं। जबकि हम यह मानते हैं कि केवल प्रारंभिक वर्ष ही महत्वपूर्ण अवधि नहीं होते हैं, लेकिन मस्तिष्क के विकास के लिए ये सबसे अहम अवधि होती है।

प्रारंभिक वर्षों के लिए कार्यनीति (कार्यनीति) छोटे बच्चों को उनके सुनहरे भविष्य हेतु तैयार करने के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों की ***दिशा और कार्यप्रणाली*** को तय करती है।

प्रत्येक बच्चे को जीवन में सुदृढ़ शुरुआत मिलनी चाहिए और प्रारंभिक वर्षों में फलना-फूलना चाहिए। उन्हें सुदृढ़ समुदायों द्वारा समर्थित, सशक्त और संयोजित परिवारों द्वारा पालन-पोषण के साथ अपने संपूर्ण सामर्थ्य तक पहुँचने का अवसर मिलना चाहिए।

प्रारंभिक वर्षों के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार का यही उद्देश्य है।

## बाल्यावस्था के प्रारंभिक वर्षों से क्या तात्पर्य है? वे महत्वपूर्ण क्यों हैं?

प्रत्येक व्यक्ति का विकास उसके जीन (वंशाणु) और उसकी परवरिश के वातावरण के जटिल तालमेल से होता है। सभी बच्चों के फलनफलने-फूलने और उनके सामर्थ्य तक पहुँचने के लिए, हमें प्रारंभिक वर्षों में ***बच्चों पर पूरा ध्यान केंद्रित*** करने की आवश्यकता है। हमें उनके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के साथ-साथ उनकी भलाई और पहचान और दुनिया में उनके स्थान जैसी भावनाओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

किसी भी बच्चे के जीवन के प्रारंभिक वर्षों, प्रसवपूर्व अवधि से लेकर 5 वर्ष की आयु तक, को अक्सर पहले 2,000 दिनों के रूप में जाना जाता है। यह समय बच्चे के विकास, पहचान की भावना, स्वास्थ्य, शिक्षण, सुरक्षा, प्रतिरोधक्षमता और खुशी को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के अवसर का अहम समय प्रदान करता है।

जीवन के पहले कुछ वर्षों में, हमारे मस्तिष्क में प्रत्येक सेकंड दस लाख से भी अधिक न्यूरल कनेक्शन बनते हैं - यह एक ऐसी गति है जो फिर कभी दोबारा नहीं होती है। हालाँकि मस्तिष्क का विकास जीवन भर जारी रहता है और किसी भी आयआयु में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ-साथ मस्तिष्क की संरचना को 'पुनः शिक्षित (रीवायर)' करना या बदलना एक धीमी प्रक्रिया जैसा हो जाता है।

| प्रसवपूर्व | नवजात | शिशु | बहुत छोटा बच्चा | प्रीस्कूलर |
|---|---|---|---|---|
| गर्भ में | जन्म से 4 महीने तक | 4 से 12 महीने | 1 से 3 वर्ष | 3 से 5 वर्ष |

**प्रारंभिक वर्ष**

# हमें कार्यनीति की आवश्यकता क्यों है?

प्रत्येक बच्चा अपने जीवन में सर्वोत्तम शुरुआत के लिए अवसर पाने के लिए पात्र है, जिससे उसके लक्ष्य और सपनों को हासिल करने के लिए *प्रसुदृढ़ नींव* का निर्माण हो, फिर चाहे उसका जन्म कहीं भी हुआ हो या वह कहीं भी पला-बढ़ा हो।

साक्ष्य एकदम स्पष्ट है - हालाँकि बाल्यावस्था का प्रत्येक वर्ष विकास पर प्रभाव डालता है, लेकिन प्रारंभिक वर्ष वह समय होता है जब हम बच्चों को उनके संपूर्ण जीवन के लिए अच्छे स्वास्थ्य और भलाई के परिणाम प्राप्त करने के लिए तैयार करते हैं।

फिर भी प्रारंभिक बाल्यावस्था के कार्यक्रमों, समर्थन और सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करना या उन्हें खोजना मुश्किल हो सकता है और हो सकता है कि वे प्रभावी न हों या उद्देश्य के अनुरूप न हों। कुछ बच्चे उतना अच्छा नहीं कर रहे हैं जितना वे कर सकते हैं, और कुछ परिवार बच्चों के पालन-पोषण के महत्वपूर्ण कार्य में अधिक सहायता चाहते हैं या उन्हें अधिक सहायता की आवश्यकता हो सकती है।

प्रारंभिक वर्षों पर *सहयोगात्मक* रूप से ध्यान केंद्रित करना निम्नलिखित के प्रति प्रतिबद्धता दिखाता है:


सरकारी कार्यक्रमों में साइलोस (ऐसी प्रक्रिया/विभाग जिनका दूसरों से कोई संबंध न हो) को कम करना

प्रारंभिक बाल्यावस्था की पहलों को एकीकृत और समन्वयित करना ताकि वे और अधिक प्रभावशाली हों

बच्चों और उनके परिवारों के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त करना

मानवाधिकार संधियों के तहत ऑस्ट्रेलिया की प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरना।

यह बच्चों मूलभूत संबंध बनाने वाले लोगों को सशक्त बनाने और समर्थन प्रदान करने के प्रति भी प्रतिबद्धता है , इन लोगों में माता-पिता, देखभालकर्ता, रिश्तेदार, परिवार और प्रारम्भिक वर्षों के कार्यबल शामिल हैं।



### प्रारंभिक वर्ष निर्माणात्मक होते हैं

- यह बच्चे के विकास को प्रभावित करने और उस पर सबसे ज्यादा असर डालने के लिए अहम, लेकिन एक छोटी अवधि होती है।
- जीवनभर के लिए शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक और ज्ञान-संबंधी विकास के लिए सभी निर्माणात्मक तत्व प्रयोग किये जाते हैं।
- प्रारंभिक वर्षों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, हमें सभी आस्ट्रेलियाई लोगों के बीच बाल विकास की उपस्थिति और जागरूकता को बढ़ाने की आवश्यकता है।




### बढ़िया भविष्य की शुरूआत शीघ्र होती है

- बच्चों तभी फलते-फूलते हैं जब उनकी सही परवरिश होती है, वे सुरक्षित और स्वस्थ होते हैं, खेलने, कल्पना करने और बढ़ने में सक्षम होते हैं।
- बच्चे सुदृढ़ परिवारों के साथ फलते-फूलते हैं।
- बच्चों तभी फलते-फूलते हैं जब वे संस्कृति और समुदाय से जुड़े रहते हैं।
- बच्चों तभी फलते-फूलते हैं जब माता-पिता, देखभालकर्ता और परिजन आत्मविश्वासी, समर्थित और सम्मिलित महसूस करते हैं।



### प्रारंभिक वर्षों में किया गया निवेश हमारे देश के भविष्य के लिए किया गया निवेश है

- हमारे द्वारा वर्तमान में लिए गए निर्णय बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं।
- हमारे बच्चों के लिए किया गया उचित निवेश भविष्य की उत्पादकता, खुशहाली और भलाई में किया गया निवेश है।



### हम और बेहतर कर सकते हैं

- चाहे बच्चे की परिस्थिति कैसी भी हो या वह कहीं भी पला-बढ़ा हो, सभी बच्चे फलने-फूलने और अपने सामर्थ्य तक पहुँचने के पात्र हैं।
- कोई भी बच्चा पीछे नहीं रहना चाहिए।




### बाल्यावस्था अनमोल होती है

- हमें बाल्यावस्था के महत्व को समझना होगा।
- हम बच्चों और उनके परिवारों की विविधता को स्वीकारते हैं और उसे महत्व देते हैं।



### बच्चों और परिवारों की राय हमेशा सुनें

- बच्चों और उनके परिवारों की राय और दृष्टिकोण को उन्हें प्रभावित करने वाली नीतियों और निर्णयों के लिए ध्यान में रखे जाने की आवश्यकता है।
- बच्चों के माता-पिता, देखभालकर्ता, रिश्तेदार, परिवारिक सदस्य और समुदाय उनके पालन-पोषण की यात्रा का हिस्सा होते हैं।
- सभी को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सही समय पर और सही तरीके से समर्थन और सशक्तिकरण की आवश्यकता होती है।



### इसमें हम सब एक साथ हैं

- हमें सरकार के साथ काम में शामिल होकर बच्चों और परिवार की जरूरतों को पूरा करने की आवश्यकता है।
- सरकारी नीति हमेशा समन्वित और सहयोगात्मक नहीं होती है, लेकिन ऐसा होने की आवश्यकता है।
- हमें बच्चों के प्रारंभिक जीवन के लिए साझा जिम्मेदारी के साथ सरकारी और गैर-सरकारी सभी निवेशों और प्रयासों में तालमेल बिठाने की आवश्यकता है।
- हमें स्पष्ट लक्ष्य और जवाबदेही के साथ-साथ प्रगति पर नज़र रखने की आवश्यकता है।

इस बारे में काफी जानकारी उपलब्ध है कि छोटे बच्चों का विकास कैसे होता है, उन्हें अपनी भलाई के लिए किस चीज़ की आवश्यकता है और वे वर्तमान में कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस कार्यनीति के संदर्भ को समझने के लिए अलग से दिया गया *साक्ष्य सारांश* पढ़ें।

# कार्यनीति क्या होती है?

कार्यनीति यह दर्शाती है कि प्रारंभिक वर्षों के महत्व की *जानकारी* और *अंतर* कैसे डालना है, इससे जुड़े तरीकों और साथ ही परामर्श के माध्यम से *समुदाय द्वारा दी गई जानकारी* के आधार पर हम इन वर्षों में कैसे सुधार लाना चाहते हैं।

यह कार्यनीति ऑस्ट्रेलिया में प्रारंभिक वर्षों के लिए प्रत्येक बच्चे के साथ-साथ ही उसके माता-पिता, देखभालकर्ता, परिवारों, रिश्तेदारों और उनका समर्थन करने वाले समुदायों के लिए भी है।

यह 10-वर्षीय ढांचा है जो ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा छोटे बच्चों की भलाई को प्राथमिकता देने और उनके लिए सर्वोत्तम संभव परिणाम प्रदान करने के तरीके तय करेगा।

इसका व्यापक उद्देश्य प्रारंभिक वर्षों में ऑस्ट्रेलियाई सरकार के नीतिगत प्रयासों और निवेशों को संचालित, संरेखित करने और सहयोग को बढ़ावा देना है।

### *विविधता के लिए सम्मान*

ऑस्ट्रेलिया में प्रत्येक बच्चा विशिष्ट है। यह कार्यनीति इस विविधता को पहचानती है, उसका सम्मान करती है और उसे दर्शाती है।

कार्यनीति में माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों का कोई भी संदर्भ उन लोगों की विविधता को स्वीकार करता है जो बच्चों के जीवन में इन महत्वपूर्ण संबंध वाली भूमिकाओं को निभाते हैं, इनमें जन्म देने वाले माता-पिता और दत्तक माता-पिता, LGBTIQA+ माता-पिता, रिश्तेदार / रिश्तेदारी प्रणाली और अन्य देखभालकर्ता और विस्तृत परिवार के सदस्य (और इनके कई संयोजन) भी शामिल हैं।

यह कार्यनीति बच्चों के बीच समानताओं और विभिन्नताओं को स्वीकार करती है, महत्व देती है और उन्हें अपनाती है। यह सभी बच्चों के लिए है।

*परिशिष्ट 1* विवरण देता है कि इस कार्यनीति को कैसे विकसित किया गया था।

# हमने क्या सुना

जब माता-पिता, परिवारों, देखभालकर्ताओं, प्रारंभिक बचपन के विशेषज्ञों, प्रारंभिक वर्षों के विभाग के विभिन्न हिस्सों, सेवा प्रदाताओं और छोटे बच्चों से *बातचीत* की गई, तो उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि सभी बच्चे:

सुरक्षित, समर्थित, स्नेहित और महफ़ूज महसूस करें

सुरक्षित और सुनिश्चित वातावरण में आगे बढ़ें, सीखें और विकास करें

आगे चलकर जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल को विकसित करें।

हमारे सुनने में यह आया कि *बच्चों* के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण है:

अपने सामर्थ्य तक पहुँचने के लिए समान अवसर, चाहे उनका जन्म कहीं भी हुआ हो या वे कहीं भी पले-बढ़े हों

उनकी बुनियादी ज़रूरतें पूरी हुईं हों, उदाहरण के लिए, आवास, भोजन, कपड़े और सुरक्षा।

और यह कि *परिवारों* के लिए सशक्त, संबंधित और समर्थित महसूस करना महत्वपूर्ण है।

और यह कि *समुदायों* के लिए निम्नलिखित करना आवश्यक है:

सुदृढ़ और समावेशी होना

बच्चों और उनके परिवारों को उनके लिए आवश्यक संसाधन, सहायता और सेवाओं की पेशकश करना।

हमारे सुनने में यह भी आया कि *ऑस्ट्रेलियाई सरकार* को अपने निर्णय लेने के तरीके को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। जटिलता को कम करने के लिए समर्थन को बच्चों और परिवार-केंद्रित होने और सहजता से संचालित किए जाने की आवश्यकता है।

प्रारंभिक वर्षों के बारे में दिए गए विचारों और दृष्टिकोणों को समझने के लिए अलग से दी गई *परामर्श रिपोर्ट* पढ़ें।

## कार्यनीति कौन प्रदान करेगा?

माता-पिता और देखभालकर्ता अपने बच्चों को इस नज़रिये से नहीं देखते हैं कि कौन सी सरकारी एजेंसी द्वारा स्वास्थ्य या शिक्षा जैसी सेवा प्रदान की जाती है, और न ही ऑस्ट्रेलियाई सरकार को ऐसा नज़रिया अपनाना चाहिए। यह कार्यनीति बच्चों की भलाई और विकास के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण के साथ सामूहिक प्रयासों पर आधारित होगी। ऑस्ट्रेलियाई सरकार परिवारों की प्रतिरोधक्षमता और ताकतों को पहचानती है और कार्यनीति को प्रदान करने के लिए परिवारों और समुदायों के साथ काम करेगी।

हालाँकि यह कार्यनीति ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा प्रारंभिक वर्षों के निवेश पर केंद्रित है, लेकिन हमारे उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए ***सामूहिक प्रयास*** की आवश्यकता है। सरकार के सभी स्तरों - राज्य, टेरिटरी, स्थानीय और राष्ट्रमंडल में - प्रारंभिक वर्षों की प्रणाली, प्रारंभिक वर्षों के कार्यबल, लोक-हितैषी सेक्टर, समुदायों और परिवारों में, हम सभी सकारात्मक बदलाव लाने और बच्चों के फलने-फूलने को सुनिश्चित करने में भूमिका निभाते हैं।

यह कार्यनीति ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा निवेश और प्रभावशाली ढंग से काम करने के प्रयासों में सहयोग और समन्वय करने का नया तरीका लागू करती है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार इस योजना का प्रयोग बच्चों और परिवारों के लिए परिणामों को बेहतर बनाने हेतु राज्य और टेरिटरी सरकारों के साथ अपने काम का मार्गदर्शन करने के लिए भी करेगी। यह पहले से ही मौजूद कई राज्य और टेरिटरी की बाल और परिवार कार्यनीतियों पर आधारित होगी।

यह कार्यनीति बच्चों और परिवारों के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के दीर्घकालिक उद्देश्य को निर्धारित करती है। यह बच्चों और उनके परिवारों को प्रभावित करने वाले निर्णयों में उन्हें केन्द्र में रखकर बच्चों के जीवन को बदलने के लिए नींव बनाती है।

कार्यनीति प्रदान करने के अगले चरणों के बारे में और अधिक जानकारी page 28 पर है।

## प्रारंभिक वर्षों की प्रणाली क्या है?

ऑस्ट्रेलिया में सभी परिवारों को 0-5 वर्ष के बच्चों की देखभाल और परवरिश में समर्थन के लिए कई सेवाएँ और सहायताएँ उपलब्ध हैं। ये ***प्रारंभिक वर्षों की प्रणाली*** का हिस्सा हैं।

वर्तमान में इस प्रणाली में कई विभिन्न लेकिन एक दूसरे से संबंधित भाग हैं, जैसे कि स्वास्थ्य, संबद्ध स्वास्थ्य (अलाइड हेल्थ), परवरिश संबंधी सहायता और प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल। सरकारी, गैर-सरकारी प्रदाताओं और समुदाय-आधारित संगठनों के विभिन्न स्तरों – और कभी-कभार इनके संयोजनों के – द्वारा इन सेवाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है, इसे फंड और प्रदान भी किया जाता है।

कुछ समर्थन और सेवाएँ ***व्यापक रूप*** से उपलब्ध हैं, उदाहरण के लिए:

राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल

पेड पैरेंटल लीव

परवरिश संबंधी जानकारी सेवाएँ

प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल।

कुछ समर्थन और सेवाएँ हर उम्र के और जीवन के विभिन्न चरण में मौजूद या विशेष परिस्थितियों वाले लोगों का समर्थन करने के लिए अधिक ***केंद्रित*** होती हैं, उदाहरण के लिए:

सोशल सिक्योरिटी भुगतान

क्षमता और आत्मविश्वास का निर्माण करने के लिए परवरिश संबंधी (पेरेंटिंग) कार्यक्रम

विकासात्मक संबंधी चिंताओं वाले बच्चों के समर्थन के लिए विकलांगता समर्थन या संबद्ध स्वास्थ्य सेवाएँ

घरेलू और पारिवारिक हिंसा के जोखिम वाले या इसका अनुभव कर रहे लोगों के लिए समर्थन

मानसिक स्वास्थ्य समर्थन।

प्रारंभिक वर्षों की प्रणाली के भीतर, हर एक समर्थन या सेवा के लिए तैयार किया गया कौशल और क्षमताओं के साथ *विस्तृत प्रारंभिक वर्षों का कार्यबल* होता है। परिवार अध्यापकों, शिक्षकों, डॉक्टरों और नर्सों, प्लेग्रुप सुविधाप्रदाताओं और स्वयंसेवकों के साथ बातचीत कर सकते हैं। कुछ बच्चों और परिवारों के लिए, उनके समर्थन के समूह में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता या अन्य संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवर (जैसे स्पीच पैथोलोजिस्ट, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, मनोवैज्ञानिक और परामर्शदाता) भी शामिल हो सकते हैं।

बच्चों और परिवारों की ज़रूरतों को और बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए प्रारंभिक वर्षों की प्रणाली के कुछ हिस्सों में पहले से ही संशोधन किया जा रहा है। ये संशोधन बच्चों के विकास और कल्याण के कई भागों को शामिल करने वाली राष्ट्रीय और/या राज्य एवं टेरिटरी कार्यनीतियों के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे।

यह कार्यनीति इन्हीं परिवर्तनों के आधार पर आगे बढ़ती है ताकि समर्थन और सेवाएँ प्रारंभिक वर्षों में बच्चों, माता-पिता और परिवारों की ज़रूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर सकें। लक्षित समर्थनों सहित वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई सरकार के समर्थनों और पहलों की सूची *परिशिष्ट* **2** में प्रदान की गई है।

सभी बच्चों के फलने-फूलने के उद्देश्य को पूरी तरह से वास्तिक रूप देने के लिए, कार्यनीति का उद्देश्य प्रणाली के विभिन्न हिस्सों के एकीकरण और समन्वय में सुधार करना है, ताकि सेवाएँ और समर्थन एक ऐसे तरीके से मिलकर काम करते हैं जो किसी बच्चे और उसके परिवार की संपूर्ण आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा करता है।

## *हमें यह तब ज्ञात होगा कि प्रारंभिक वर्षों के लिए हमारा उद्देश्य पूर्ण हो गया है जब:*

सभी परिवारों को मातृ एवं बाल स्वास्थ्य, परवरिश संबंधी समर्थन और प्रारंभिक शिक्षा के लिए उच्च-गुणवत्ता, किफायती और एकीकृत सेवाओं तक पहुँच प्राप्त होगी

सेवाएँ परिवारों और समुदायों को बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक जानकारी और समर्थन प्रदान करती हैं

पारिवारिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए होम विज़िट और आउटरीच सेवाओं सहित ऐसी सेवाएँ उपलब्ध हैं, जो समुदाय की ज़रूरतों के अनुसार सूचित और निर्देशित होती हैं

नीतियाँ, कार्यक्रम और सेवाएँ सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित हैं और सांस्कृतिक रूप से सक्षम कार्यबल द्वारा प्रदान की जाती हैं ताकि हर कोई स्वागतमय और समर्थित महसूस करे

बच्चों और उनके परिवारों के लिए व्यापक रूप से उपलब्ध निवारण और सुरक्षा सहायताएँ उपलब्ध हैं और संकटकाल से पहले उन तक पहुंच प्राप्त की जा सकती है

संभावित विकासात्मक संबंधी देरी वाले बच्चों के समर्थन के लिए पूरे देश भर में सेवाओं तक सभी को समान पहुंच प्राप्त है, जिसमें चिंताओं को शीघ्रता से दूर करने के लिए समय पर प्रदान की जाने वाली मूलभूत सहायता (फ़ॉउंडेशनल सपोर्ट) भी शामिल है।

प्रारंभिक वर्षों की प्रणाली को अत्यधिक कौशल प्राप्त, सक्षम और समर्थित कार्यबल का समर्थन प्राप्त है, जो कि में बच्चों के संपूर्ण विकास और भलाई पर भी केंद्रित है।

बच्चे और उनके परिवार एक-दूसरे से संबंधित महसूस करते हैं और अपने समुदायों में स्वागतमय महसूस करते हैं

परिवारों के लिए फंडिंग और सेवाओं और समर्थनों की सुपुर्दगी को एकजुट और समन्वित करने वाली उचित और दीर्घकालिक शासन व्यवस्थाएँ मौजूद हैं।

# एक पन्ने में कार्यनीति

## उद्देश्य

*कार्यनीति का उद्देश्य यह है कि ऑस्ट्रेलिया में सभी बच्चे अपने प्रारंभिक वर्षों में फले-फूलें। सुदृढ़ समुदायों द्वारा सहायता प्राप्त, सशक्त और संयोजित परिवार द्वारा पालन-पोषण होने पर उनके पास अपने संपूर्ण सामर्थ्य तक पहुंचने का अवसर होता है।*

## सिद्धांत

1 **बाल- और परिवार-केन्द्रित**

2 **क्षमता-आधारित**

3 **परिवारों और समुदायों के लिए सम्मान**

4 **न्यायपूर्ण, समावेशी और विविधता का सम्मान**

5 **साक्ष्य-सूचित**

## परिणाम

1 बच्चों की उचित रूप से परवरिश होती है और वे सुरक्षित रहते हैं

2 बच्चे सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं

3 बच्चे सीखते हैं

4 बच्चे संस्कृति के साथ सशक्त रूप से पहचान और जुड़ाव महसूस करते हैं

5 बच्चों के पास खेलने और कल्पना करने के अवसर हैं

6 बुनियादी जरूरतें पूरी होती हैं

7 परिवार सशक्त, संयोजित और समर्थित हैं

8 समुदाय बच्चों और उनके माता-पिता या देखभालकर्ताओं के रहने, विकसित होने, खेलने और संबंध बनाने के लिए सशक्त और समावेशी स्थान हैं

## प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र

| | |
|---|---|
| **प्रारंभिक वर्षों को महत्व देना** | → इस बारे में जागरूकता बढ़ाना कि प्रारम्भिक बाल्यावस्था क्यों महत्त्व रखती है |
| | → बच्चों और उनके परिवारों की राय को शामिल करना |
| **माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों को सशक्त बनाना** | → माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों को कौशल, संसाधनो और क्षमताओं से सशक्त बनाना |
| | → माता-पिता को अन्य माता-पिता और उनके स्थानीय समुदाय से जुड़ने में सहायता प्रदान करना |
| | → बच्चों और उनके माता-पिता के लिए सहायता और सेवाओं को जवाबदेह और समावेशी बनाना |
| | → प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल तक विश्वव्यापी पहुँच प्रदान कने की ओर बढ़ना |
| **समुदायों का समर्थन करना और उनके साथ काम करना** | → स्थानीय समस्याओं के लिए स्थानीय समाधान को समर्थन प्रदान करना |
| | → मिलजुल कर लिए गए निर्णय को बढ़ावा देना |
| **जवाबदेही और समन्वयता को प्रबल करना** | → नीति, प्रोग्राम और सेवाओं का बेहतर ढंग से एकीकरण, सहयोग और समन्वय करना |
| | → सुदृढ़ डेटा, शोध और मूल्यांकन |

# उद्देश्य

कार्यनीति का उद्देश्य यह है कि ऑस्ट्रेलिया में सभी बच्चे अपने प्रारंभिक वर्षों में फले-फूलें। सुदृढ़ समुदायों द्वारा सहायता प्राप्त, सशक्त और संयोजित परिवारों द्वारा पालन-पोषण होने पर उनके पास अपने संपूर्ण सामर्थ्य तक पहुँचने का अवसर हो।

ये ऑस्ट्रेलिया के सबसे छोटे बच्चों के लिए हमारी साझी उम्मीदें, सपने और आकांक्षाएँ हैं। साक्ष्य दर्शाता है कि सभी बच्चों को फलने-फूलने, अपने प्रारम्भिक वर्षों का आनन्द लेने और अपने सामर्थ्य तक पहुँचने के लिए समर्थन की आवश्यकता होती है। हम सब एक साथ मिलकर भलाई, समानता और निष्पक्षता के लिए प्रतिबद्ध हैं। बच्चों को जीवन में सर्वोत्तम संभव शुरुआत देकर हम उन्हें उनके भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं।

यह लक्ष्य बच्चों को इस कार्यनीति के केन्द्र में रखता है। कोई भी बच्चा पीछे नहीं रहना चाहिए।

**संपूर्ण सामर्थ्य से हमारा क्या तात्पर्य है?** प्रारंभिक वर्ष वह समयावधि होती है जब प्रत्येक बच्चा अपने संपूर्ण सामर्थ्य की प्राप्ति के लिए सकारात्मक पथ पर चलना शुरू कर सकता है। इसका अर्थ विभिन्न बच्चों के लिए भिन्न-भिन्न से हो सकता है। हम चाहते हैं कि सभी समर्थन और सेवाएँ न्यायपूर्ण हों और बच्चों के फलने-फूलने के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक परिस्थितियों को पहचानें और उनपर प्रतिक्रिया करें।

**एक-दूसरे से जुड़े हुए परिवारों से हमारा क्या तात्पर्य है?** रिवार जिनका विस्तृत परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों, अन्य परिवारों, अपने समुदाय और अपने लिए आवश्यक सहायता या सेवाओं से संपर्क हो, जब उन्हें इनकी ज़रूरत हो।

**सुदृढ़ समुदायों से हमारा क्या तात्पर्य है?** अपने लोगों की भलाई के लिए साझा हित वाले स्थान या समूह। इसमें अपनेपन, विश्वास, सुरक्षा और एक-दूसरे की देखभाल करने की भावना के साथ ही सही समयावधियों पर सही समर्थन प्राप्त करना भी शामिल हो सकता है। अपने लोगों की जरूरतों को सुनने और उन पर प्रतिक्रिया देने पर ही समुदाय सुदृढ़ होते हैं। हम बच्चों को महत्व देने और माता-पिता और देखभालकर्ताओं के महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने वाले समुदाय चाहते हैं।

**हम इस उद्देश्य का उपयोग कैसे करेंगे?** प्रारंभिक वर्षों में सभी बच्चों और परिवारों के लिए हमारी महत्वाकांक्षा ही हमारा उद्देश्य है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, हमें कार्यनीति में उल्लेखित परिणाम प्राप्त करने की आवश्यकता है। प्राथमिकताएँ और सिद्धांत दर्शाते हैं कि हमारे द्वारा परिणाम कैसे प्राप्त किये जाएँगे।

*'मैं चाहता। चाहती हूँ कि मेरे बच्चे खुश रहें और समुदाय के साथ सुदृढ़ संबंध बनाने में सक्षम हों।' - अभिभावक, परामर्श*

*'सभी बच्चों को सेवाओं तक समान पहुँच, समान दृष्यता (विज़िबिल्टी) और समान अवसर मिलें, चाहे वे कोई भी हों, कहीं से भी आए हों या उनका परिवार कैसा भी हो।' - अभिभावक, परामर्श।*

*'वे ऐसे पारिवारिक और सामुदायिक नेटवर्क में पले-बढ़ें और विकास करें जिनमें वे उनसे प्यार किया जाना और प्राकृतिक वातावरण में खेलने और अन्वेषण करने के लिए मर्थित महसूस करें, और जहाँ उन्हें शिक्षार्थी के रूप में अपनी क्षमता और अद्वितीय विशेषताओं को विकसित करने के अवसर प्राप्त हों।'- सर्वेक्षण प्रतिवादी*

# सिद्धांत

*हर परिवार अलग होता है।* ये सिद्धांत वही दर्शाते हैं जो हमने सुना है कि परिवारों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि सरकार द्वारा बाल्यावस्था के प्रारंभिक वर्षों में बच्चों और परिवारों का समर्थन करने के लिए काम कैसे किया जाता है।

इन सिद्धांतों द्वारा यह जानने में मदद मिलेगी कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा प्रारंभिक वर्षों में बच्चों और परिवारों के समर्थन के लिए *कैसे* काम किया जायेगा। विशेष रूप से, वे यह बताएँगे कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा कार्य योजनाओं और परिणाम ढांचे के माध्यम से योजना को कैसे लागू किया जायेगा।

| सिद्धांत | हम क्या कदम उठाएँगे | हम ये कदम कैसे उठाएँगे |
|---|---|---|
| **1. बाल- और परिवार-केंद्रित** | बच्चों और उनके परिवारों की राय को उन्हें प्रभावित करने वाली नीतियों और निर्णयों में शामिल करेंगे। | बच्चों और परिवारों के दृष्टिकोण जानने का प्रयास करें, उन्हें सुनें और उन पर कार्य करें।<br>इस पर ध्यान दें कि वे हमें क्या बताते हैं कि उन्हें किस चीज़ की जरूरत है। परिस्थितियाँ बदलने पर उस मुताबिक ढलें और उत्तरदायी बनें।<br>बच्चों के दृष्टिकोणों को प्राथमिकता दें और उनकी इच्छाओं, भावनाओं और विशेषज्ञता को ध्यान में रखें।<br>यह स्वीकार करें कि प्रत्येक परिवार के अपने व्यक्तिगत लक्ष्य, उम्मीदें और मान्यताएँ होती हैं। |
| **2. क्षमता-आधारित** | छोटे बच्चों और उनके परिवारों की क्षमताओं, ज्ञान और सामर्थ्य के साथ-साथ बच्चों और उनके परिवारों के बीच संबंधों द्वारा प्रदान की जाने वाली क्षमता की पहचान करेंगे। | यह स्वीकार करें कि बच्चे और परिवार अपने जीवन और जरूरतों को सबसे अच्छी तरह से जानते हैं। सभी के पास अद्वितीय रिश्ते, ताकतें, क्षमताएं और संसाधन होते हैं - और ये समय के साथ बदल भी सकते हैं।<br>बच्चों और परिवारों को अपने सामर्थ्य अनुसार अपने खुद के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए सशक्त बनाएं। |
| **3. परिवारों और समुदायों के लिए सम्मान** | माता-पिता, देखभालकर्ताओं, परिवारों, रिश्तेदारों, शिक्षकों, समुदायों, भाषा और संस्कृति द्वारा बच्चों के लिए निभाई जाने वाली भूमिकाओं को सम्मान और महत्व देंगे। | प्रथम शिक्षकों, पालन-पोषणकर्ताओं और संरक्षकों के रूप में माता-पिता और देखभालकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करें। बच्चों के विकास और उन्नति में सहायता देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करें।<br>परिवारों और स्थानीय समुदायों को सुदृढ़ संस्कृति और उनकी विरासत, भाषाओं, परंपराओं और देश के साथ संबंध बनाए रखने की पहचान करें और इसके लिए समर्थन दें। |
| **4. न्यायपूर्ण, समावेशी और विविधता का सम्मान** | विविधता के सभी रूपों को महत्व देंगे, जिनमें लिंग, संस्कृति, भाषा, स्थान और विकलांगता भी शामिल है। | समर्थन और सेवाओं का न्यायपूर्ण, समावेशी और सुलभ होना सुनिश्चित करें।<br>समर्थन और सेवाओं का सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित, उत्तरदायी और उचित होना सुनिश्चित करें।<br>समर्थन और सेवाएँ प्रदान करने में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका को स्वीकारें, सम्मान दें और बढ़ावा दें, जिनमें एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर समुदाय-नियंत्रित सेक्टर भी शामिल हैं। |
| **5. साक्ष्य-सूचित** | नवीनतम उपलब्ध डेटा, साक्ष्य और परिज्ञान का निरंतर निर्माण करेंगे। इस जानकारी का उपयोग बच्चों और परिवारों के लिए समर्थन और सेवाओं को डिज़ाइन, विकसित करने और इसकी समीक्षा करने के लिए करेंगे। | समर्थन और सेवाओं के विकास, कार्यान्वयन और निगरानी को बेहतर बनाने के लिए ऑस्ट्रेलियाई साक्ष्य आधार के निर्माण और सुधार पर ध्यान दें।<br>डेटा शेयरिंग और साक्ष्य की अनुमति प्रदान करें ताकि सरकार और समुदायों द्वारा इनका प्रयोग हस्तक्षेपों और संसाधनों के मूल्यांकन के लिए किया जा सके। |

# परिणाम

प्रारंभिक वर्षों में शामिल सभी लोग जैसे कि माता-पिता, देखभालकर्ता, परिवार, रिश्तेदार, समुदाय, शिक्षक, सेवा प्रदाता, सरकार के सभी स्तर और लोक-हितैषी सैक्टरों के प्रयास इसकी सफलता में योगदान प्रदान करते हैं।

हमें मापने योग्य परिणामों की आवश्यकता है ताकि हम आकलन कर सकें कि हम सभी एक ही लक्ष्य की ओर काम कर रहें हैं और यह कि हम अपना लक्ष्य प्राप्त कर रहे हैं या नहीं।

कार्यनीति के परिणाम निम्नलिखित को दर्शाते हैं जिसके बारे में हमने परामर्श में सुना था:

प्रारंभिक वर्षों में क्या *मायने* रखता है

*परिवार की कुशलता और संसाधन* बच्चे के विकास को कैसे प्रभावित करते हैं।

*सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त विचार | जनवरी* 2023

जब यह पूछा गया, 'प्रारंभिक वर्षों में बच्चों के लिए आपकी सबसे बड़ी उम्मीदें क्या हैं?', इसके उत्तर में दी गई दो-तिहाई टिप्पणियाँ बच्चों को स्नेहित और सुरक्षित महसूस करने और सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण में बढ़ने, सीखने और विकसित होने पर केंद्रित थीं। आधे से अधिक उत्तरदाताओं ने भविष्य के लिए बच्चों में आवश्यक निपुणता विकसित करने को प्राथमिकता दी।

परिणाम वे लक्ष्य होते हैं जिनका प्रयोग हमारे द्वारा यह आकलन करने के लिए किया जाएगा कि बच्चे कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं और वे कितनी अच्छी तरह से बढ़ रहे हैं और विकसित हो रहे हैं। ये वे लक्ष्य भी हैं जिनका प्रयोग हमारे द्वारा समर्थित परिवारों और उनके समुदायों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए किया जाएगा।

ये परिणाम:

बच्चों के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाते हैं और अपने माता-पिता और देखभालकर्ताओं के बाद समुदायों और समाज के संबंध में उनकी भलाई का निर्धारण करते हैं।

साक्ष्य-आधारित हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य, भलाई और विकास के लिए महत्वपूर्ण तत्वों के रूप में मान्यता प्राप्त हैं

बच्चों और युवाओं के लिए ऑस्ट्रेलियाई अनुसंधान गठबंधन (ऑस्ट्रेलियाई रिसर्च एलायंस फॉर चिल्ड्रन एंड यूथ) (ARACY) द्वारा विकसित नेस्ट (Nest) के 6 डोमेन (क्षेत्रों) के साथ संरेखित है जो बच्चों और युवाओं की भलाई के लिए एक विकसित ढांचा है और जिसे 4,000 से अधिक बच्चों और युवाओं, उनके परिवारों और अन्य विशेषज्ञों के साथ इस बारे में सलाह-मशविरा करके बनाया गया है कि उनके लिए भलाई का क्या अर्थ है

बच्चों के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हुए बहुआयामी है।

सफलता के मापने योग्य संकेतक प्रदान करने के लिए हमारे द्वारा एक विस्तृत परिणाम ढांचा विकसित किया जायेगा।

*'बच्चों को खेलने और संपर्क बनाने, बाहर समय बिताने, माता-पिता के साथ समय बिताने, मौज-मस्ती करने, दोस्तों, परिवार के साथ समय बिताने, परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने, खेल के मैदानों में समय बिताने के अवसर प्राप्त होने चाहिए।' - अभिभावक, परामर्श*

*'हमें बच्चों की परवरिश के लिए अधिक समुदायों और "छोटे नियोजित समुदायों (विलेज़िस)" की आवश्यकता है ताकि परिवारों का समर्थन दिया जा सके।' - दादा-दादी/नाना-नानी, परामर्श*

| परिणाम | यह कैसा दिखता है? |
| --- | --- |
| **1. बच्चों की उचित रूप से परवरिश होती है और वे सुरक्षित रहते हैं** | बच्चों को:<br>सुदृढ़ और सुरक्षित रिश्ते विकसित करने के लिए उनके माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों द्वारा समर्थन दिया जाता है<br>उनके घरों और समुदायों में परवरिश मिलती है और वहाँ वे खतरों से सुरक्षित रहते हैं<br>अपने माता-पिता, देखभालकर्ताओं, परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का अवसर मिलता है। |
| **2. बच्चे सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं** | बच्चों को निम्नलिखित के लिए सर्वोत्तम संभव अवसर मिलते हैं:<br>आत्मसम्मान, सम्मान और प्रतिरोधक्षमता का निर्माण करना<br>शारीरिक क्षमताओं, सामाजिक क्षमता, अच्छे मानसिक स्वास्थ्य का विकास करना और सुखी, स्वस्थ जीवन व्यतीत करना<br>स्वस्थ विकास के लिए, अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और दूसरों के साथ सकारात्मक रूप से जुड़ने के लिए सुदृढ़ भाषा और संचार कौशल विकसित करना। |
| **3. बच्चे सीखते हैं** | बच्चे दुनिया में कदम रखने के क्षण से ही स्वस्थ मस्तिष्क और शरीर का निर्माण करने वाले सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेरणादायक परिवेश में संलग्न होते हैं।<br>जन्म से ही, बच्चे निम्नलिखित के माध्यम से सबसे अच्छे से सीखते हैं:<br>खेल के माध्यम से जिसमें वे अपने आस-पास के लोगों और वातावरण का पता लगाते हैं और उनसे संलग्न होते हैं<br>सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण में<br>घर पर अपने परिवारों और देखभालकर्ताओं के साथ, और प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल केंद्रों में शिक्षकों और अध्यापकों के साथ सकारात्मक और उत्तरदायी संबंधों में संलग्न होकर।<br>ऐसे वातावरण जो बच्चों के मस्तिष्क के विकास मैं मददगार होते हैं ताकि बच्चे अपनी आसपास की दुनिया को बेहतर ढंग से समझें और समस्याओं को हल करें। इस मूलभूत शिक्षा द्वारा बच्चों के लिए औपचारिक शिक्षा केंद्रों में सफलतापूर्वक शिक्षण की सुदृढ़ नींव बनती है। |
| **4. बच्चे संस्कृति के साथ सुदृढ़ रूप से पहचान और संबंधित महसूस करते हैं** | बच्चों के पास सर्वोत्तम अवसर तब होते हैं जब:<br>वे अपने साथियों और अन्य लोगों के साथ सकारात्मक सामाजिक और भावनात्मक संबंध विकसित करने वाले वातावरण में बढ़ते हैं<br>वे अपनी संस्कृति, भाषा, विचारधाराओं और पहचान से जुड़ते हैं<br>आयु बढ़ने और विकास करने के साथ-साथ वे स्वत्व अधिकारों का प्रयोग करते हैं।<br>हम सभी संस्कृतियों और पारिवारिक पहचानों को मान और महत्व देते हैं। हम ऑस्ट्रेलिया की बहुसंस्कृतिवाद और सभी परिवारों की विविधता का जश्न मनाते हैं। इसमें एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों का संस्कृति से सुदृढ़ जुड़ाव, विशेष रूप से उनकी अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ, सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित और उचित प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करना शामिल है। हम एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर संस्कृति, विद्या, भाषा, बुद्धिमत्ता और ज्ञान को मान और महत्व देते हैं। |
| **5. बच्चों को खेलने और कल्पना करने के अवसर प्राप्त होते हैं** | बच्चों को अभी बच्चे बने रहने का और खेलने, कल्पना करने और खुद को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने के अवसर प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है। हम सभी बच्चों और उनके परिवारों द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था की खुशी का अनुभव करने के अवसरों का समर्थन करते हैं।<br>छोटे बच्चों के लिए खेल को आवश्यक और महत्वपूर्ण माना गया है। हम समाज के रूप में इसे महत्व देते हैं और इसकी जटिलता को भी समझते हैं। हम समझते हैं कि बच्चों को किस चीज़ की आवश्यकता है और उन्हें प्रेरणा प्रदान करने के लिए क्या करना कारगर रहता है - जैसे ओपन एंडेड खेल और खिलौने, बाहर खेलने का समय, बहुत सारे कल्पनाशील खेल, ड्रेस-अप, राइम, गायन और उन लोगों के साथ गुणवत्तापूर्ण खेल जिन्हें वे प्यार करते हैं। |

| परिणाम | यह कैसा दिखता है? |
|---|---|
| **6. बुनियादी जरूरतें पूरी होती हैं** | बच्चों को पर्याप्त भोजन और पोषण, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षित वातावरण और आवास जैसी आवश्यक या ज़रूरी चीज़ों तक पहुंच प्राप्त होती है। |
| **7. परिवार सशक्त, संयोजित और समर्थित होते हैं** | हम प्रारंभिक वर्षों में बच्चों के स्वास्थ्य, सामाजिक, भावनात्मक, मानसिक स्वास्थ्य, विकासात्मक और शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए माता-पिता, देखभालकर्ता, परिवारों और रिश्तेदारों को समर्थित और सशक्त बनाते हैं। हम उन्हें बच्चों के विकास में मदद करने के लिए आवश्यक निपुणता, क्षमता और संसाधन प्रदान करते हैं। |
| **8. समुदाय बच्चों और उनके माता-पिता या देखभालकर्ताओं के रहने, विकास करने, खेलने और संबंध बनाने के लिए सुदृढ़ और समावेशी स्थान बनते हैं** | यह ज़रूरी है कि समुदाय:<br>ऐसे सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध स्थान बनें जो बच्चों और उनके परिवारों का स्वागत करने वाले हों<br>लोगों, भूमि और प्रकृति से जुड़ाव और संबंध की भावना को प्रोत्साहित करें<br>स्वस्थ बाल्यावस्था के विकास के लिए बच्चों को आवश्यक सामाजिक और अन्य निपुणताएँ विकसित करने में मदद के लिए वातावरण प्रदान करें।<br>समुदाय भौगोलिक स्थिति पर आधारित हो सकते हैं और इसमें स्थानीय सुविधाओं, समर्थनों, सेवाओं और निर्मित और प्राकृतिक वातावरण को साझा करना शामिल हो सकता है। अन्य समुदाय इस बात पर आधारित हो सकते हैं कि साझा परिस्थितियों के कारण लोग एक-दूसरे के साथ कहाँ जुड़ते हैं (उदाहरण के लिए, ऑनलाइन नेटवर्क के माध्यम से), इनमें LGBTIQA+ समुदाय और विकलांगता समुदाय शामिल हैं।<br>एक बच्चे का पालन-पोषण करने के लिए कई लोगों *(एक विलेज़)* की आवश्यकता होती है। |

## *संस्कृति से जुड़ाव*

संस्कृति से सुदृढ़ संबंध होने पर एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों में अपनेपन की भावना विकसित होती है। वे भाषा सीखने और रहने के तरीके को विकसित करने के लिए सुरक्षित वातावरण का अनुभव करते हैं।

बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, भलाई और विकास के लिए सांस्कृतिक पहचान, रिश्तेदारी संरचनाओं और संस्कृति से संबंध को *सुरक्षात्मक कारकों* के रूप में दृढ़तापूर्वक पहचाना जाता है।

हम *अंतर समाप्ति (क्लोजिंग गैप) पर राष्ट्रीय समझौते* (द नेशनल एग्रीमेंट) के महत्व को पहचानते हैं जो एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों को गैर-स्वदेशी (नॉन-इंडिजेनस) बच्चों के समान ही विकास परिणामों का अनुभव करना सुनिश्चित करता है। यह कार्यनीति *राष्ट्रीय एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर प्रारंभिक बाल्यावस्था कार्यनीति (नेशनल एबोरिजिनल एंड टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर अर्ली चाइल्डहुड स्ट्रेटेजी)* की भी पहचान करती है और उसे वर्णित करती है, जिसे SNAICC - नेशनल वॉइस फॉर आवर चिल्ड्रन और सलाहकार समूह के साथ साझेदारी में विकसित किया गया था।

# प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र

ये वही क्षेत्र हैं जहाँ ऑस्ट्रेलियाई सरकार कार्यनीति के उद्देश्य और परिणामों को प्राप्त करने के *प्रयासों को निर्देशित* करेगी। हमारे द्वारा इन प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्रों की पहचान माता-पिता, देखभालकर्ताओं, परिवारों, रिश्तेदारों, समुदाय के सदस्यों और प्रारंभिक वर्षों के कार्यबल से मिले फीडबैक के आधार पर हुई है।

> माता-पिता, देखभालकर्ताओं, परिवार और रिश्तेदार प्रारंभिक वर्षों में अपने बच्चों के साथ पर्याप्त समय बिताना चाहते हैं। उन्होंने हमें बताया कि वे गर्भावस्था की शुरुआत से ही सशक्त और समर्थित महसूस करना चाहते हैं। वे बच्चों को उनकी ज़रूरत की चीज़ें उपलब्ध कराना चाहते हैं और अपने परिवार की विशिष्ट क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

हमें ऑस्ट्रेलियाई सरकारी सेवाओं और बच्चों और माता-पिता का समर्थन करने वाली प्रारंभिक वर्षों की प्रणाली की फिर से जांच करने की आवश्यकता है ताकि माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों को सशक्त महसूस करने के लिए उन्हें साधन और समर्थन प्रदान किए जा सकें।

हम अपने काम करने के तरीके में सुधार लाने के लिए 4 प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्रों में ऐसा करेंगे।

## प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र 1: प्रारंभिक वर्षों को महत्व देना

*हम क्या जानते हैं*

हम प्रत्येक वर्ष ऑस्ट्रेलिया में 300,000 से अधिक शिशुओं का स्वागत करते हैं। जन्म से पहले उन्हें जो पोषण मिलता है और वे कैसे बढ़ते, खेलते हैं और फिर शिशुओं, छोटे बच्चों और फिर प्रीस्कूलर के रूप में विकसित होते हैं, इससे न केवल उनके प्रारंभिक बचपन बल्कि उनके संपूर्ण जीवन का भी निर्माण होता है।

→ मस्तिष्क का निर्माण प्रारंभिक वर्षों में होता है।

→ अच्छी शुरुआत के बिना, जो छूट गया है उसे पाना बहुत कठिन है।

→ सुदृढ़ भविष्य के लिए जल्दी शुरुआत करें।

### प्रारंभिक बचपन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाएँ

प्रारंभिक वर्षों को दी गई प्राथमिकता का महत्वपूर्ण निर्धारक यह है कि जीवन के पहले 5 वर्षों को माता-पिता, समुदाय, संगठन और व्यापक समाज द्वारा किस प्रकार देखा जाता है।

हालाँकि *विज्ञान* प्रारंभिक बाल्यावस्था के विकास के महत्व के बारे में स्पष्ट है (और अधिक जानकारी के लिए अलग **साक्ष्य सारांश** पढ़ें), लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि हर किसी के पास कदम उठाने की समझ और जानकारी हो। इसमें यह जानना भी शामिल है कि विकास संबंधी शंका वाले बच्चे के लिए प्रारंभिक समर्थन तक पहुंच कब लाभदायक होगी।

इसे प्राप्त करने का मतलब है कि लोगों को प्रारंभिक बचपन के ऐसे वातावरण प्रदान करने के लिए प्रयाप्त जानकारी और समझ है, जो सभी छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और भलाई का समर्थन करते हैं।

पूरे देश में *जागरूकता पैदा* करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार विशिष्ट स्थिति में है। और प्रारंभिक वर्षों में समर्थन प्रदान करने में हर किसी को भूमिका निभानी है।

*हम कौन से कदम उठाएँगे*

बच्चों, माता-पिता, देखभालकर्ताओं, परिवारों और रिश्तेदारों को उनकी विकासात्मक यात्रा में समर्थन प्रदान करने के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था के महत्व के बारे में समुदाय में जागरूकता बढ़ाना।

प्रारंभिक बचपन के महत्व, हमारे समाज के लिए बच्चों का महत्व, और माता-पिता और देखभालकर्ताओं और छोटे बच्चों और उनके परिवारों के साथ काम करने वालों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

माता-पिता और देखभालकर्ताओं को मस्तिष्क के विकास के महत्व और उनके द्वारा प्रारंभिक वर्षों में इसे सकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाली कार्रवाईयों के बारे में स्पष्ट और निरंतर जानकारी प्रदान करना।

# बच्चों और उनके परिवारों की राय को शामिल करें

हमारे पास बच्चों के सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक, शारीरिक और भाषाई विकास का समर्थन करने का सबसे अच्छा अवसर तब होता है जब हमारी नीतियां, कार्यक्रम और सेवाएँ बच्चों और परिवारों की राय और विचारों को दर्शाती हैं।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार सहित पूरे समुदाय को इस बारे में ***अलग ढंग से सोचने और इस पर कार्य करने*** की आवश्यकता है कि हमारे द्वारा प्रारंभिक वर्षों में अपना कार्य कैसे किया जाता है।

हमें बच्चों और परिवार के दृष्टिकोणों को महत्व देना होगा। ऑस्ट्रेलियाई सरकार बच्चों और परिवारों को जानने, सुनने और उनसे बात करने और उनकी आवाज़ को आगे लाने के लिए अवसर पैदा करेगी।

*बच्चों की राय को सुनना*

इस कार्यनीति को विकसित करते समय, हमने 3 से 5 वर्ष के बच्चों को उनकी महत्वपूर्ण चीज़ों के अनुभवों और आकांक्षाओं को शब्दों, पेंटिंग, ड्राइंग और मूर्तिकला के माध्यम से साझा करने के लिए कहा।

हमने संबंधों और रिश्तों, वातावरण और परिवेशों, कल्पना और रचनात्मकता और शारीरिक गतिविधि के अवसरों के महत्व के बारे में सुना।

*'माता जी, पिता जी और परिवार। मैं अपनी पसंद की सभी चीजें चित्रित कर रहा/ही हूँ।*

*'मुझे परिवार के साथ दिन बिताना पसंद हैं। हम हाइकिंग करते हैं। सबसे पहली बार हम छोटे से घर तक गए और हमने वहाँ खाना खाया।*

*'मैं पेड़ों, भूमि और अपने शिक्षकों के प्रति आभारी हूँ।'*

बच्चों की राय को शामिल करने का दृष्टिकोण बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) कन्वेंशन के अनुरूप है, जिसमें बच्चों के विचारों का सम्मान करने के बारे में लेख प्रदान किया गया है।

हम ऐसा समाज चाहते हैं जो बच्चों को महत्व देता हो और उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में शामिल करता हो।

*हम कौन से कदम उठाएँगे*

बच्चों, परिवारों, देखभालकर्ताओं और, अधिक व्यापक रूप से, समुदायों के साथ इस बारे में सक्रिय रूप से परामर्श करना कि उन्हें किस चीज़ की आवश्यकता है और किस चीज़ की आवश्यकता नहीं है, उन्हें क्या लगता है कि क्या उनके लिए काम करता है और क्या काम नहीं करता है, और वे कैसे और कब समर्थन प्राप्त करना चाहते हैं।

प्रारंभिक बाल्यावस्था के विकास का समर्थन करने वाली ऑस्ट्रेलियाई सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा, वितरण और सुधार के प्रत्येक चरण में बच्चों और परिवारों के दृष्टिकोण को शामिल करना।

डेटा संग्रह और मूल्यांकन में बच्चों और परिवारों और उनके साथ काम करने वाले समुदायों के अनुभवों को ध्यान में रखा जाना सुनिश्चित करना ताकि बेहतर सेवा डिजाइन और निवेश के लिए इन विचारों का प्रयोग किया जा सके।

# प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र 2: माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों को सशक्त बनाना

*हम क्या जानते हैं*

जब हम बच्चों के स्वास्थ्य, भलाई, सीखने और विकास को प्राथमिकता देते हैं तो उससे हम सभी को लाभ होता है। बच्चे कई लोगों के जीवन में खुशी और उद्देश्य लाते हैं, और परिवारों और समुदायों को एकजुट करने में मदद करते हैं। जब हम बच्चों से बातचीत करते हैं, तो इससे उनके मस्तिष्क का निर्माण करने में मदद मिलती है।

बच्चों के पालन-पोषण में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने और उनके बढ़ने, विकसित होने और अपनी क्षमता तक पहुँचने को जानने में साझा खुशी और उद्देश्य शामिल है। हालाँकि, कभी-कभार परवरिश करना मुश्किल हो सकता है, और देखभालकर्ताओं को भी बच्चों को सीखने और बढ़ने में मदद देने के लिए समर्थन की आवश्यकता हो सकती है।

→ प्रारंभिक वर्षों में सकारात्मक, सुरक्षात्मक कारक विशेष रूप से महत्वपूर्ण होते हैं।

→ बच्चों को देखभाल, पालन-पोषण वाले रिश्तों की ज़रूरत होती है।

→ बच्चों को अपनी संस्कृति से मजबूत जुड़ाव की आवश्यकता होती है।

→ उच्च गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल के कई लाभ होते हैं।

→ माता-पिता और देखभालकर्ता बच्चे के प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण शिक्षक होते हैं।

## माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों को निपुणता, संसाधनों और क्षमताओं से सशक्त बनाना

बच्चे अकेले रह कर बड़े नहीं होते, उन्हें ***समर्थन*** की आवश्यकता होती है। बच्चों का विकास तभी होता है जब माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों को उनकी आवश्यकता अनुरूप समर्थन प्राप्त होता है।

रिश्ते सकारात्मक उन्नति और विकास की आधारशिला होते हैं। माता-पिता, देखभालकर्ता और परिवार अपने बच्चों को सबसे अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए उन्हें सही जानकारी और संसाधन प्रदान करने से शिशुओं और छोटे बच्चों की आवश्यक मूलभूत निपुणता विकसित करने में मदद मिलती है।

प्रारंभिक वर्षों में बच्चों के विकास के बारे में ***उच्च-गुणवत्ता, साक्ष्य-आधारित जानकारी*** तक पहुँच प्राप्त होने से माता-पिता, देखभालकर्ता और परिवार सशक्त होते हैं, इसमें यह शामिल है कि बच्चों को स्वस्थ और खुश रहने के लिए किस चीज़ की आवश्यकता है और सीखने में उनकी सहायता करने के लिए उन्हें किस चीज़ की आवश्यकता है।

इसी तरह, जब माता-पिता और देखभालकर्ताओं के पास अपने बच्चों को विकास करने और सीखने में मदद करने के लिए ***निपुणता, संसाधन और क्षमताएं*** होती हैं (या यह जानकारी होती है कि उन्हें कैसे प्राप्त करना है) तो वे खुद को सशक्त महसूस करते हैं।

माता-पिता और देखभालकर्ताओं को, समुदाय के अन्य सदस्यों की तरह, जागरूकता बढ़ाने वाली गतिविधियों (प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र 1) से लाभ मिल सकता है। उन्हें निपुणता, ज्ञान और क्षमताओं को बढ़ाने में प्राप्त समर्थन से भी लाभ हो सकता है।

जब माता-पिता आगे बढ़ते हैं तो ही बच्चे कामयाब होते हैं।

> *'माता-पिता को अपने बच्चों के विशेषज्ञ के रूप में सशकत बनाएँ और उन्हें अपने बच्चों का समर्थन करने के लिए साधन दें।' - अभिभावक, परामर्श*

*हम कौन से कदम उठाएँगे*

माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों को प्रारंभिक बाल्यावस्था के स्वास्थ्य और विकास के बारे में समकालीन, साक्ष्य-आधारित जानकारी प्रदान करना ताकि उनके पास अपने बच्चों के विकास में मदद करने के लिए ज्ञान, निपुणता और क्षमताएं हों।

माता-पिता और देखभालकर्ताओं को उनकी और उनके बच्चों की भलाई के लिए मदद लेने और उपलब्ध संसाधनों, सेवाओं और समर्थनों को खोजने के लिए समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करना।

समर्थन विकल्पों का सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी होना सुनिश्चित करना, जिसमें माता-पिता, देखभालकर्ताओं, रिश्तेदारों और परिवारों को सशक्त बनाने में एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर समुदाय-नियंत्रित क्षेत्र की भूमिका को मान्यता देना भी शामिल है।

बच्चों और परिवारों के लिए उपलब्ध सेवाओं और समर्थन विकल्पों के बारे में जानकारी बढ़ाना।

## माता-पिता को अन्य माता-पिता और उनके स्थानीय समुदाय से जुड़ने में सहायता प्रदान करना

कुछ माता-पिता और देखभालकर्ता जानकारी या सहायता प्राप्त करने के लिए अनौपचारिक सहायता नेटवर्क को संपर्क करेंगे। ये विस्तारित परिवार, रिश्तेदार या सहकर्मी नेटवर्क जैसे मित्र या पड़ोसी, माता-पिता/दादा-दादी/नाना-नानी ग्रुप, प्लेग्रुप, सोशल मीडिया ग्रुप और/या मैसेज बोर्ड हो सकते हैं। अन्य मामलों में, माता-पिता और देखभालकर्ता अकेलापन महसूस कर सकते हैं और उन्हें पता नहीं होता है कि वे सहायता के लिए कहाँ जाएं।

इन अनौपचारिक सहायता नेटवर्क के माध्यम से माता-पिता और देखभालकर्ता अपने जैसी परिस्थितियों में दूसरों के अनुभवों से सीख सकते हैं और अपनी संतान के सबसे पहले शिक्षक बनने के लिए आत्मविश्वास और निपुणता प्राप्त कर सकते हैं।

हम माता-पिता और परिवारों की आवश्यकताओं पर संपूर्ण रूप से गौर करेंगे, ताकि ***अनौपचारिक समर्थन*** के माध्यम से एक उत्तरदायी और पहुँच प्राप्त ***सेवा प्रणाली*** के साथ माता-पिता और देखभालकर्ताओं को सुदृढ़ और सशक्त बनाने के अवसरों को संतुलित किया जा सके।

*यह अवधारणा कि "एक बच्चे का पालन-पोषण करने के लिए कई लोगों (एक विलेज़) की आवश्यकता होती है" अभी भी प्रासंगिक है, लेकिन हम सभी जानते हैं कि इसका अर्थ अब बदल गया है। जितना हम समझते हैं उससे कहीं अधिक लोगों के पास बड़े या विस्तारित परिवार (अनौपचारिक समर्थन) नहीं हैं जो माता-पिता का समर्थन कर सकें, और यही कारण है कि सामुदायिक समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। - अभिभावक, परामर्श*

*हम कौन से कदम उठाएँगे*

माता-पिता को अन्य परिवारों से जुड़ने और एक-दूसरे से सीखने में मदद प्रदान करना।

सुदृढ़ अनौपचारिक और सामुदायिक नेटवर्क के समर्थकों को सहायता प्रदान करना।

सभी परिवारों के लिए समुदायों को सुरक्षित और समावेशी बनाना।

## बच्चों और उनके माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों के लिए समर्थन और सेवाओं को उत्तरदायी और समावेशी बनाना

हमारे परामर्शों का दोहराया जाने वाला विषय बच्चों और परिवारों को विकास के लिए, विशेष रूप से ***सुलभ, अनुकूलनीय और न्यायपूर्ण*** सेवा प्रणाली के माध्यम से आवश्यक समर्थनों और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करने के महत्व के बारे में था। इसका अर्थ आवश्यकता अनुरूप बड़े पैमाने पर और तीव्रता से समर्थन और सेवाएँ प्रदान करना है।

अधिकांश परिवार अपनी संतान के जीवन में कुछ ***विशेष अवसरों*** पर औपचारिक समर्थनों तक पहुँच प्राप्त करेंगे, जैसे पैरेंटल लीव पे, पालन-पोषण के संसाधन, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल।

कुछ परिवारों को और अधिक ***विशिष्ट या लक्षित समर्थनों*** की आवश्यकता हो सकती है जब उन्हें अपनी संतान के स्वास्थ्य या विकास के बारे में चिंता होती है, जब देखभालकर्ता की भलाई में कोई बदलाव होता है, या जब उनका परिवार किसी नए शहर में जाता है। जिन परिवारों का बच्चा किसी विकलांगता के साथ रह रहा हो, उन्हें भी लक्षित सहायता की आवश्यकता हो सकती है।

जब बच्चों और माता-पिता को इन समर्थनों की आवश्यकता हो, तो इन तक पहुंच आसान और उच्च गुणवत्ता वाली होनी चाहिए। माता-पिता और देखभालकर्ताओं को इस बात से भ्रमित नहीं होना चाहिए कि उन्हें समर्थन प्राप्ति के लिए कहाँ जाना है या उन्हें उन सेवाओं को रेफर नहीं किया जाना चाहिए जो सहायता प्रदान करने में असक्षम हों। उत्तरदायी सेवाएं हमेशा आपको सुनती हैं, विश्वास बनाती हैं और फिर उनका प्रयोग करने वाले बच्चों और परिवारों की जरूरतों को पूरा करती हैं, पहुंच में आने वाली बाधाओं को दूर करती हैं और इनका प्रभावशाली और उद्देश्य के लिए उपयुक्त होना सुनिश्चित करती हैं।

सभी सेवाएँ सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित, सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी, सदमा-सूचित और भेदभाव से मुक्त होनी चाहिए। सुदृढ़ और सक्षम प्रारंभिक वर्षों का कार्यबल हमेशा उत्तरदायी और पहुँच प्राप्त सेवाएं प्रदान करता है।

परिवारों को यदि जानकारी हो कि कौन सी सहायताएँ उपलब्ध हैं, और इनतक पहुँच कब, कहाँ और कैसे प्राप्त करनी है, तो वे इसकी कदर करते हैं। 'ज्ञान की आशंकाओं को हटाने' के लिए उत्तम विचार यही है कि माता-पिता और देखभालकर्ता अपने लिए महत्वपूर्ण चीज़ों को देखने के लिए उपलब्ध जानकारी और सेवाओं को ***खोजें***।

> '*सिस्टम को देखने-खोजने के लिए माता-पिता द्वारा इसकी बहुत जानकारी होना असमानता को बढ़ावा देता है। माता-पिता को अक्सर जटिल प्रणालियों को खोजना पड़ता है और उनके लिए बच्चे की जरूरतों के लिए समग्र सहायता प्रदान करना कठिन हो जाता है।' - अभिभावक, परामर्श*
>
> '*खेल-आधारित कार्यक्रमों को विकलांगता वाले बच्चों के माता-पिता के लिए सुलभ और समावेशी होना आवश्यक है - बच्चों की ज़रूरतें वास्तव में महत्वपूर्ण होती हैं, लेकिन इसे माता-पिता को भी सुलभ और शामिल महसूस करवाए जाने की आवश्यकता है ताकि वे अपने बच्चों को वे अनुभव प्रदान कर सकें।' - अभिभावक, परामर्श*

*हम कौन से कदम उठाएँगे*

यह सुनिश्चित करना कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा प्रारंभिक वर्षों का समर्थन उच्च गुणवत्ता, साक्ष्य-सूचित, लक्षित और सुलभ होने के कारण बच्चों और परिवारों की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी है। सेवा का वितरण सम्मानजनक और विकलांगता, भाषा और विविधता को शामिल करने वाला, सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित और उत्तरदायी, अनुकूलनीय और आवश्यकता के अनुपात में होगा।

प्रारंभिक बचपन के समर्थन तक समान पहुंच को आगे बढ़ाना, ताकि बच्चे अपनी आवश्यकता अनुसार समर्थन प्राप्त कर सकें फिर चाहे वे कहीं भी रहते हो, या उनके माता-पिता कोई भी हों।

प्रारंभिक बाल्यावस्था के समर्थन तक शीघ्र पहुंच को आवश्यकतानुसार सक्षम और प्रोत्साहित करना और ऐसा माता-पिता, देखभालकर्ताओं और परिवारों को प्रारंभिक विकास संबंधी विलंब संकेतों का पता लगाने हेतु सशक्त करके और परिवारों को उनके लिए आवश्यक सहायता से जोड़कर ऐसा करना।

राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (NDIS) की समीक्षा सिफारिशों के जवाब में, विकलांग लोगों के लिए अतिरिक्त मूलभूत सहायता के निर्माण हेतु राज्यों और टेरिटरी के साथ काम करना जारी रखना।

यह सुनिश्चित करने में सहायता प्रदान करना कि प्रारंभिक बाल्यावस्था की सेवाओं का प्रयोग करने वाले लोगों के लिए इन्हें खोजना आसान हो और बेहतर ढंग से जुड़ने और सहयोग करने के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था और पारिवारिक सेवाओं का समर्थन करना।

क्षमता और योग्यता निर्माण के माध्यम से प्रारंभिक वर्षों के कार्यबल का समर्थन करना।

सभी सरकारों और एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों के साथ प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास नीति साझेदारी सहित सहभागिता करना ताकि अंतर समाप्ति पर राष्ट्रीय समझौते के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था के परिणामों और प्राथमिकता सुधारों की प्रगति में तेजी लायी जा सके।

## प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल तक विश्वव्यापी पहुंच की दिशा में आगे बढ़ना

ऑस्ट्रेलियाई सरकार उच्च गुणवत्ता, न्यायपूर्ण, किफायती और सुलभ प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल तक विश्वव्यापी पहुंच की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। हालाँकि ऑस्ट्रेलिया के कुछ क्षेत्रों में कार्यबल की कमी और अपर्याप्त सेवा उपलब्धता संबंधित चुनौतियों के कारणवश प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल तक पहुंच का विस्तार करना कठिन हो सकता है, लेकिन सभी बच्चों और परिवारों को लाभ देने के लिए ***सुलभता में सुधार*** लाने की आवश्यकता है।

प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल द्वारा प्रारंभिक शिक्षा और सामाजिक और भावनात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण लाभ प्रदान किया जाता है, जिससे भविष्य के लिए मजबूत नींव बनती है। उच्च गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल कार्यक्रम विशेष रूप से सबसे अतिसंवेदनशील और प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझ रहे बच्चों के लिए लाभदायक होते हैं, जिनके लिए स्कूल शुरू होने पर विकास की ओर अग्रसर होने में कठिनाई होती है।

हालाँकि उच्च गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझ रहे बच्चों को लाभ होने की सबसे अधिक संभावना होती है, लेकिन प्रणालीगत बाधाओं सहित कई अन्य कारणों से उनके द्वारा इसमें भाग लेने की संभावना ***सबसे कम*** होती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी परिवारों को उच्च गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बचपन की शिक्षा और देखभाल का लाभ मिल सके, न्यायपूर्ण, सुलभ, किफायती और सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी प्रारंभिक बचपन की शिक्षा और देखभाल प्रणाली की उपलब्धता महत्वपूर्ण है।

प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल माता-पिता और देखभालकर्ताओं को काम करने, स्वयंसेवा करने या अध्ययन करने में भी समर्थन देती है। सुलभ और किफायती प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल प्रणाली ***कार्यबल की भागीदारी***, विशेष रूप से छोटे बच्चों की प्राथमिक देखभाल करने वाली संभावित महिलाओं को भी समर्थन देती है।

उच्च गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल बच्चों और उनके प्रारंभिक बाल्यावस्था के शिक्षकों और अध्यापकों के बीच संबंधों पर आधारित होती है। उच्च गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल से तात्पर्य सेवायों का योग्य कार्यबल द्वारा प्रदान किया जाना, सांस्कृतिक रूप से समावेशी और उत्तरदायी, सुरक्षित, और बच्चों के लिए सीखने और विकास के परिणाम मानकों पर खरा उतरने से है। प्रारंभिक वर्षों में बच्चों की शिक्षा की उचित नींव रखने के लिए शिक्षकों और अध्यापकों के लिए प्रारंभिक योग्यताएं और सतत व्यावसायिक शिक्षा महत्वपूर्ण होती हैं। उच्च गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल सेवाओं को बनाए रखने के लिए कदर और सम्मान किए जाने वाला समर्थित और सुस्थिर कार्यबल केन्द्रीय है।

*हम कौन से कदम उठाएँगे*

ऑस्ट्रेलियाई सरकार के बाल देखभाल सब्सिडी (चाइल्ड केयर सब्सिडी) सुधारों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता और किफायती बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल तक पहुंच प्राप्ति का समर्थन जारी रखना, जिसमें उच्च CCS दरें और एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों के लिए गतिविधि टेस्ट में बदलाव भी शामिल हैं।

प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल में उत्पादकता आयोग जांच (प्रोडक्टीविटी कमीशन इन्क्वायरी) और ऑस्ट्रेलियाई प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता आयोग (ACCC) बाल देखभाल जांच (ऑस्ट्रेलियन कम्पीटीशन एंड कंस्यूमर कमीशन चाइल्डकैअर इन्क्वायरी) पर प्रतिक्रिया करना, जो कि बच्चों और परिवारों के लिए उच्च गुणवत्ता, न्यायपूर्ण, किफायती, सुलभ और आर्थिक रूप से सुस्थिर प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल तक विश्वव्यापी पहुंच के लिए पाठ्यक्रम तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप हो।

गुणवत्ता, किफायती, समानता और सुलभता के प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित, राष्ट्रीय कैबिनेट के लिए प्रारंभिक बचपन की शिक्षा और देखभाल के उद्देश्य को अंतिम रूप देने के लिए राज्य और टेरिटरी सरकारों के साथ काम करना।

उपस्थिति में सुधार और परिणामों को मापने के प्रयासों सहित प्रीस्कूल सुधार समझौते (प्रीस्कूल रिफार्म एग्रीमेंट) 2022-2025 को लागू करने के लिए राज्य और टेरिटरी सरकारों के साथ काम करना जारी रखना।

यह सुनिश्चित करना कि प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल सेवाओं में भागीदार बच्चों को पेशेवर कार्यबल द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले प्रारंभिक सीखने के अवसर प्राप्त हों।

उच्च गुणवत्ता वाले कार्यबल को निम्नलिखित द्वारा समर्थन देना, आकृष्ट करना और उनका बने रहना जारी रखना:

- व्यावसायिक विकास और सशुल्क व्यावहारिक सब्सिडी
- राष्ट्रीय बाल शिक्षा और देखभाल कार्यबल योजना के तहत कार्यों को लागू करने के लिए राज्य और टेरिटरी सरकारों के साथ काम करना
- देखभाल और समर्थन अर्थव्यवस्था के लिए आगामी राष्ट्रीय योजना को लागू करना।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार के कार्यस्थल संबंधित सुधार एजेंडे का समर्थन करना, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाले कार्यबल को आकृष्ट करने और बनाए रखने के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल कार्यबल के लिए वेतन और शर्तों में वृद्धि करने के तरीके भी शामिल हैं।

बच्चों, परिवारों और समुदायों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ साझेदारी करके उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को समझना, ताकि प्रणाली उनके प्रति समावेशी और उत्तरदायी बन सके।

# प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र 3: समुदायों का समर्थन करना और उनके साथ मिलकर कार्य करना

*हम क्या जानते हैं*

बच्चे परिवारों और समुदायों के लिए बहुत खुशी और प्रसन्नता लाते हैं। वे अपने आस-पास के वयस्कों को दुनिया को नई नजरिये और खुले विचारों से देखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। बच्चों के साथ खेलने, पढ़ने और सक्रिय रहने में बिताया गया गुणवत्तापूर्ण समय माता-पिता और देखभालकर्ताओं, भाई-बहनों और विस्तारित परिवार के सदस्यों, मित्रों और आस-पास रहने वाले लोगों को कई लाभ प्रदान करता है।

→ लोग, रिश्ते, समुदाय, संस्कृतियाँ और समाज बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

→ समुदाय बच्चों के विकास और भलाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

→ बड़े शहरों *में* पलने-बढ़ने वाले बच्चों के विकासात्मक तौर पर अतिसंवेदनशील होने की कम संभावना होती है।

## स्थानीय समस्याओं के स्थानीय समाधान का समर्थन करना

जब नीतियाँ और सेवाएँ स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप होती हैं, तो वे सामुदायिक संदर्भ और प्राथमिकताओं के प्रति ***उत्तरदायी*** बनती हैं। इसके परिणामस्वरूप प्रभावशाली और निपुण समर्थन और सेवाएँ उपलब्ध होती हैं, और विभिन्न समुदायों के बच्चों को विकास के आवश्यक अवसर मिलते हैं।

स्थानीय दृष्टिकोणों से अनुकूलनीयता और प्रतिक्रियाशीलता मिलती है। वे किसी स्थान की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुरूप और लक्षित होते हैं। वे नीति विकास और सेवा वितरण में सक्रिय प्रतिभागियों के रूप में समुदाय (निवासियों के साथ-साथ सेवा प्रदाताओं, व्यवसायों, सरकारों और अन्य स्थानीय हितधारकों) को शामिल करते हैं।

वे बच्चों और परिवारों को प्रभावित करने वाली नीतियों और सेवाओं के बारे में उन्हें अपनी ***राय देने*** का अवसर भी प्रदान करते हैं।

*'स्थानीय संदर्भ बहुत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि शहरी परिवार की ज़रूरतें क्षेत्रीय (रिज़नल) इलाके के परिवार से बहुत अलग होती हैं। प्रदान की जाने वाली समर्थन का प्रकार स्थानीय संदर्भ के अनुरूप ही होना आवश्यक है।' - अभिभावक, परामर्श*

*हम कौन से कदम उठाएँगे*

बच्चों के लिए बेहतर परिणाम देने के लिए स्थानीय संदर्भों के अनुरूप समुदायों के साथ काम करना और उनका समर्थन करना, जिसमें समुदाय के नेतृत्व वाली साझा जवाबदेही भी शामिल है।

परिवारों और बच्चों को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य और साझा निर्णय के आधार पर स्थानीय समाधानों का समर्थन करने वाले सरकारी मॉडल सहित तरीकों का अन्वेषण और कार्यान्वयन करना।

क्षेत्रीय (रिज़नल), रिमोट (दूरवर्ती) और/या काफी रिमोट क्षेत्रों में बच्चों की तुलना में बड़े शहरों में बच्चों के बीच परिणामों में असमानता को दूर करने के अवसरों का पता लगाना।

वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई सरकार की स्थानीय पहलों को विकसित करने के लिए स्थानीय पहलों के बारे में डेटा और साक्ष्य का उपयोग करना और उन्हें साझा करना, जिसमें अवधारणाओं, सिद्धांतों और प्रथाओं के बारे में शिक्षायें भी शामिल हैं।

समुदायों का डेटा समुदायों के साथ साझा करना।

परिणामों के लिए फंडिंग सहित अनुकूलनीय फंडिंग मॉडल का अन्वेषण करना।

# साझे रूप से लिए गए निर्णय को बढ़ावा देना

अपने समुदाय को सशक्त बनाने वाले स्थानीय समाधानों की *रूपरेखा बनाने और उन्हें वितरित करने* में समुदायों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

साझे रूप से लिए गए निर्णय समुदाय के लक्ष्यों और प्राथमिकताओं को एकजुट करते हैं और उनके लिए क्या काम करता है , इसके बारे में सर्वोत्तम साक्ष्य उपलब्ध कराते हैं।

ऐसी नीतियाँ और सेवाएँ जो स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप होती हैं, सामुदायिक संदर्भ और प्राथमिकताओं पर प्रतिक्रिया देती हैं और अच्छी तरह से एकीकृत होती हैं, उनसे निपुण और प्रभावशाली परिणाम प्राप्त होते हैं। वे विशिष्ट हानि का सामना कर रहे और *अधिक समर्थन या अनुरूप प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता* वाले समुदाय को अतिरिक्त समर्थन देने के लिए न्यायपूर्ण निवेश की भी अनुमति देती हैं।

## *एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों के साथ साझे रूप से निर्णय लेना*

अंतर समाप्ति के राष्ट्रीय समझौते के तहत कई क्रियाविधियाँ हैं जो सभी सरकारों और प्रथम राष्ट्र के प्रतिनिधियों के बीच प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और विकास के लिए वास्तविक बातचीत और साझेदारी का समर्थन प्रदान करती हैं।

→*प्रारंभिक बचपन देखभाल और विकास नीति भागीदारी* – जिसे SNAICC, नेशनल वॉयस फॉर अवर चिल्ड्रेन और ऑस्ट्रेलियाई सरकार के शिक्षा विभाग की सह-अध्यक्षता प्राप्त है - सरकारों और प्रथम राष्ट्र के प्रतिनिधियों को एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों और परिवारों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, बाल सुरक्षा जैसे सभी क्षेत्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था के परिणामों में सुधार पर सलाह देने का मंच प्रदान करती है।

*हम कौन से कदम उठाएँगे*

परिवारों और बच्चों को ध्यान में रखते हुए साझे रूप से निर्णय लेने में समर्थन प्रदान करना।

साझे रूप से निर्णय लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकारी एजेंसियों के भीतर विशाल संस्कृति और क्षमता को प्रोत्साहित करना। इसमें सह-डिज़ाइन और उपयोगकर्ता-नेतृत्व डिज़ाइन शामिल हो सकता है। न्यायपूर्ण सेवाएँ प्राप्त करने के लिए जवाबदेही और मेट्रिक्स (लक्ष्यों) के साथ नीतियों, कार्यक्रमों और समर्थनों के डिज़ाइन और वितरण में व्यापक सामुदायिक इनपुट (विचारों) को सक्षम बनाना।

# प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र 4: जवाबदेही और समन्वयता को सुदृढ़ करना

*हम क्या जानते हैं*

सभी बच्चे अपनी क्षमता तक पहुँचने और प्रारंभिक वर्षों में विकास के लिए समर्थन के पात्र हैं। फिर भी ऑस्ट्रेलियाई प्रारंभिक विकास जनगणना (AEDC) के नतीजे बताते हैं कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में परिणामों को बेहतर बनाने के लिए और भी बहुत कुछ किया जा सकता है। कुछ बच्चे विकास संबंधी असुरक्षा की उच्च दर का अनुभव कर रहे हैं, और जब बच्चों को हानि और असुरक्षा दोनों का सामना करना पड़ता है, तो ये अनुभव और गंभीर हो जाते हैं।

कई छोटे बच्चों और उनके परिवारों के लिए वर्तमान सेवा प्रणाली की जटिलता रूकावट बन जाती है। बेहतरीन सेवाएँ उपलब्ध तो हैं, लेकिन वे हमेशा मिलकर काम नहीं करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुछ परिवार इनसे वंचित रह जाते हैं।

स्वस्थ, प्रसन्न और अच्छी तरह से समायोजित बच्चों की परवरिश के लिए सही समय पर सही समर्थन की आवश्यकता होती है। हमें बच्चों के जीवन के सभी पहलुओं और पक्षों को ध्यान में रखने वाले समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

→ साइलो (विभिन्न विभागों के बीच जानकारी साझा न करना) रुकावटें पैदा करते हैं।

→ सहसंयोजित योजना द्वारा बाल कल्याण एजेंडा के समन्वय में सकारात्मक योगदान दिया जा सकता है।

→ जवाबदेही से बच्चों की भलाई के लिए बेहतर परिणाम मिलेंगे।

## बेहतर एकीकरण, सहयोग और समन्वय

बाल्यावस्था के विकास को प्रभावित करने वाले कार्यक्रमों और फंडिंग की जिम्मेदारी कई ऑस्ट्रेलियाई सरकारी विभागों और एजेंसियों की है। यह योजना ***भविष्य के निवेश*** के लिए योजनात्मक दिशा और ***सरकार भर में*** काम करने के नए तरीके प्रदान करती है।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा वित्त पोषित सेवाओं के बारे में बच्चों और माता-पिता के अनुभवों को यथासंभव ***सहज*** बनाने के लिए सतत सहयोग में हमारे सभी भागीदारों जैसे राज्य, टेरिटरी और स्थानीय सरकारों, सेवा प्रदाताओं, लोक-हितैषी भागीदारों और समुदायों के साथ काम करना शामिल होगा।

उचित नीति निर्धारण बच्चों की भलाई के लिए सरकार, एजेंसियों और अन्य सेवा प्रदाताओं को ***समान लक्ष्य*** और स्थायी उद्देश्य पर एकजुट होने को प्रोत्साहित करता है। यह संयुक्त दृष्टिकोण विखंडन, प्रयास के दोहराव और कमियों को दूर करने के अवसर चूकने के जोखिम को कम करता है।

प्रारंभिक वर्षों की प्रणाली को अनुकूलित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इसके लिए नीतिगत सम्बद्धता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार के लिए अधिक प्रयास की आवश्यकता होती है। इसका समर्थन करने के लिए शासन संरचनाओं की भी आवश्यकता होती है।

*'सेवाओं को और अधिक एकीकृत करें ताकि हमारे द्वारा उपयोग की जाने वाली सभी सेवाएँ बच्चे का समर्थन करने से जुड़ी हों - स्वास्थ्य पेशेवर, शैक्षिक पेशेवर आदि होने के बजाय, माता-पिता से इस एकीकरण कार्य को हटा दें।' - अभिभावक, परामर्श*

*'जब बच्चे का जन्म होता है तो माता-पिता की भूमिका का भी जन्म होता है। वास्तव में इस प्रणाली में माता-पिता मताधिकार से वंचित हैं। माता-पिता और "छोटे नियोजित समुदाय (विलेज़)" अलग हो जाते हैं। रिश्ते में एक ही व्यक्ति पर सारा दबाव डाला जाता है। जीवनसाथियों को सहयोग की आवश्यकता होती है। हमें संपूर्ण प्रणाली के दृष्टिकोण और समुदाय के सदस्यों से एकीकृत निर्णय लेने की आवश्यकता है।' - अभिभावक, परामर्श*

*हम कौन से कदम उठाएँगे*

प्रारंभिक वर्षों की योजना के उद्देश्य और परिणामों के अनुरूप ऑस्ट्रेलियाई सरकार में प्रारंभिक वर्षों के निवेश पर निगरानी को संरेखित करना।

प्रारंभिक वर्षों की नीति, कार्यक्रमों और सेवाओं का समन्वय और एकीकरण करना।

यह सुनिश्चित करना कि बेहतर सहयोग, समन्वय और सम्मिलित निर्णय लेने में समर्थन देने के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के भीतर एजेंसियों की व्यक्तिगत और संयुक्त भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ स्पष्ट और पारदर्शी हैं।

यह सुनिश्चित करना कि राज्य, टेरिटरी और स्थानीय सरकारों, सेवा प्रदाताओं और समुदाय के सदस्यों सहित सभी योगदानकर्ताओं को प्रारंभिक वर्षों से संबंधित ऑस्ट्रेलियाई सरकार की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की स्पष्ट समझ हो। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार होगा और सभी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

जब चीजें काम नहीं कर रही हों तो उन्हें पहचानना और स्वीकार करना - और अनुकूली और उत्तरदायी होने के लिए तैयार रहना।

प्रारंभिक वर्षों की नीतियों और कार्यक्रमों के लिए अधिक एकीकृत और समन्वित दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए क्रॉस-एजेंसी (पार-एजेंसी) वरिष्ठ और अंतर सरकारी शासन और सलाहकार व्यवस्था का उपयोग करते रहना।

प्रारंभिक वर्षों के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा महत्वपूर्ण निवेश किया गया है, जिसमें परिवारों के लिए कार्यक्रम और सेवाएँ भी शामिल हैं। कई सुधार और पहल भी हो रहे हैं। ***परिशिष्ट 2*** में प्रारंभिक वर्षों से संबंधित वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई सरकार की गतिविधि का स्नैपशॉट दिया गया है। इस योजना का उद्देश्य सरकार भर में काम को संरेखित करना और बढ़ाना और प्राथमिकताओं पर सहयोग को बढ़ावा देना है।

## सुदृढ़ डेटा, अनुसंधान और मूल्यांकन

डेटा, शोध और मूल्यांकन यह जानने के लिए आवश्यक होते हैं कि कैसे किसी बच्चे के बड़े होने के अनुभव उसके जीवन के परिणामों में भूमिका अदा करते हैं और उन्हें प्रभावित करते हैं। प्रारंभिक वर्षों में बच्चों के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार की उद्देश्य प्राप्ति के लिए, हमें परिणामों को ***मापने***, ऑस्ट्रेलियाई समुदाय की ***प्रगति*** पर रिपोर्ट करने और यह समझने में सक्षम होने की आवश्यकता है कि हम जो कर रहे हैं उसका मनवांछित परिणाम मिल रहा है।

*हम कौन से कदम उठाएँगे*

बच्चों, माता-पिता, देखभालकर्ताओं, रिश्तेदारों और समुदायों के विचारों और जीवित अनुभवों को दर्शाने वाले डेटा इकट्ठा करना।

परिवारों और बच्चों और उनके अनुभवों की बेहतर प्रोफ़ाइल प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर डेटा संग्रह को बढ़ाना, जिसमें सरकारी समर्थनों के साथ उनकी बातचीत भी शामिल है।

समुदाय और सेवा-स्तरीय डेटा को साझा करना, और इसे समझना और इसकी व्याख्या करना आसान बनाना, प्राथमिकताओं के बारे में निर्णय लेने और सेवा में सुधार लाने के लिए माता-पिता, देखभालकर्ताओं, परिवारों, रिश्तेदारों और समुदायों को आवश्यक मदद प्रदान करना।

डेटा, अनुसंधान और मूल्यांकन के लिए वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई सरकार की फंडिंग धाराओं के माध्यम से प्रारंभिक वर्षों पर ध्यान केंद्रित करने का समर्थन करना।

सरकारों, सेवा प्रदाताओं, समुदायों और शिक्षाजगत में सूचना और डेटा साझाकरण, डेटा एकीकरण और विश्लेषण में सुधार करना ताकि सतत सहयोग और निर्णय लेने के आधार के रूप में प्रारंभिक वर्षों की हमारी सामूहिक समझ को बेहतर बनाया जा सके।

इसके बारे में साक्ष्य आधार बनाना कि कौन सी चीज़ें, किसके लिए और किन परिस्थितियों में काम करती हैं और इसे साझा करना। यह सुनिश्चित करना कि नया अनुसंधान परिवारों के बदलते जीवन के अनुकूल हो।

मूल्यांकन की संस्कृति का समर्थन करना और कार्यक्रमों में मूल्यांकन विधियों को शामिल करना।

डेटा साझाकरण, नियमित रिपोर्टिंग और सुदृढ़ मूल्यांकन प्रक्रियाओं सहित पारदर्शी और सुदृढ़ क्रॉस-एजेंसी (पार-एजेंसी) जवाबदेही व्यवस्था लागू करना।

# अगले चरण

हम कार्य योजनाओं के माध्यम से 10 वर्षों में कार्यनीति को लागू करेंगे। हम प्रगति और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए परिणाम ढांचे के साथ कार्यों को मापेंगे।

## कार्य योजनाएँ

**उद्देश्य** और **प्राथमिकताओं** के संदर्भ में और ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के लिए अच्छे परिणाम देने के लिए क्या *हासिल* **(परिणाम)** किये जाने की आवश्यकता है, इस पर ध्यान देते हुए तीन कार्य योजनाएँ व्यावहारिक चरण प्रदान करेंगी।

यह दृष्टिकोण ऑस्ट्रेलियाई सरकार को समकालीन चुनौतियों और अवसरों के प्रति सक्रिय और उत्तरदायी होने की अनुमति देता है, लेकिन इसके साथ ही यह योजना के व्यापक परिणामों और उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित रखता है। कार्य योजनाएँ ***आपस में संबंधित प्रमुख समीक्षाओं और सुधार गतिविधियों*** से सामने आने वाली प्रगति और कार्रवाईयों को शामिल करेंगी, जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल भी शामिल है।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक प्राथमिकता केंद्रित क्षेत्र के तहत, हमने यह रेखांकित किया है कि हम कौन से कदम उठाएँगे। ये गतिविधियाँ योजना के पूरे जीवनचक्र में कार्य योजनाओं का आधार बनेंगी।

पहली कार्य योजना 2024 में शुरू होगी। योजना के विकास के दौरान एकत्रित किए गए विचार, दृष्टिकोण, विशेषज्ञ सलाह और साक्ष्य कार्य योजना को सूचित करेंगे।

## निगरानी

***परिणाम ढांचे*** द्वारा यह रेखांकित किया जायेगा कि कैसे हम योजना में परिणामों को मापेंगे और मापने योग्य संकेतक प्रदान करेंगे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, यह हमें किए गए कार्यों की प्रगति और सफलता पर नज़र रखने, परिणामों और उद्देश्य के विरुद्ध प्रगति की निगरानी करने और हमारी कार्य योजनाओं पर रिपोर्ट करने में हमारी मदद करेगा। इससे इस योजना के तहत कार्यों के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार की जवाबदेही सुदृढ़ बनेगी।

अंतिम चरण में योजना का मूल्यांकन भी किया जाएगा।

**परिणाम ढांचा क्या है?** यह हमें परिवर्तन को मापने में मदद करता है। इसके द्वारा कार्य योजनाओं परिणामों और उद्देश्य से जोड़ा जाएगा ताकि हम यह जांच सकें कि हम सही मार्ग पर चल रहे हैं या नहीं। इसमें परिवारों से उनकी राय लेना और AEDC के परिणामों सहित कई ऐसे तरीके शामिल होंगे जिनसे हम यह माप सकते हैं कि हम कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं (और निरंतर समायोजन कर सकते हैं)।

## निरीक्षण

हालाँकि यह योजना प्रारंभिक वर्षों में ऑस्ट्रेलियाई सरकार के निवेश पर केंद्रित है, लेकिन हम निम्नलिखित के योगदान के बिना परिणाम प्राप्त नहीं कर सकते हैं:

माता-पिता, देखभालकर्ता, परिजन और परिवार

छोटे बच्चे

राज्य, टेरिटरी और स्थानीय सरकारें

प्रारंभिक वर्षों के क्षेत्र में काम करने वाले अध्यापक, शिक्षक और अन्य पेशेवर

सामान्य चिकित्सक, नर्सें, संबद्ध स्वास्थ्य (अलाइड हेल्थ) व्यवसायी और अन्य चिकित्सा व्यवसायी

सेवा वितरण भागीदार

समुदाय और समुदाय-नियंत्रित क्षेत्र

लोक-हितैषी क्षेत्र।

हम इन सभी हितधारकों के साथ साझेदारी और सहयोग पर ध्यान देंगे। समय के साथ-साथ सुधार लाने के लिए हम संयुक्त जिम्मेदारी वाले क्षेत्रों में राज्यों और टेरिटरी के साथ *सहयोग* करेंगे।

योजना के विकास के दौरान, हमारे द्वारा सामाजिक सेवा मंत्री और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में अन्य जिम्मेदार मंत्रियों के सहयोग से, सुदृढ़ *शासन* संरचना स्थापित की गई।

इसमें निम्नलिखित के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार की वरिष्ठ-स्तरीय *संचालन समिति* शामिल है:

योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करना

कार्य योजनाओं के विरुद्ध प्रगति और रिपोर्टिंग की निगरानी करना।

अंतरविभागीय *कार्य समूह* द्वारा संचालन समिति का समर्थन किया जाता है।

हम पहली कार्य योजना में अतिरिक्त शासन व्यवस्थाओं को दर्शाएंगे।

*परिशिष्ट 1* इस बारे में बताता है कि यह योजना कैसे विकसित की गई।

# परिशिष्ट

## परिशिष्ट 1: योजना को विकसित कैसे किया गया

ऑस्ट्रेलिया भर से छोटे बच्चों, परिवारों और प्रारंभिक बाल्यावस्था क्षेत्र की राय, विचारों और अनुभवों ने प्रारंभिक वर्षों की कार्यनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान के सुदृढ़ आधार पर निर्मित है (और अधिक जानकारी के लिए *साक्ष्य सारांश* देखें।

## परामर्श

कार्यनीति को विकसित करने के लिए हम व्यापक और गहन परामर्श के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम प्रारंभिक वर्षों के कई दृष्टिकोणों जैसे ऑस्ट्रेलिया में प्रारंभिक वर्षों का समर्थन कैसे काम कर रहा है, और इसमें ऑस्ट्रेलियाई सरकार की भूमिका के बारे में समझना चाहते थे।

महत्वपूर्ण और सार्थक भागीदारी के लिए, परामर्श 7 महीने की अवधि में कई क्रियाविधियों के माध्यम से किया गया।

| परामर्श | विवरण |
|---|---|
| **राष्ट्रीय प्रारंभिक वर्षों के लिए सम्मेलन (नेशनल अर्ली इयर्स समिट)** | 17 फरवरी 2023 को ऑस्ट्रेलियाई संसद भवन में आयोजित, नेशनल अर्ली इयर्स समिट में 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और इस बात पर चर्चा की कि ऑस्ट्रेलियाई बच्चों के लिए जीवन में सबसे अच्छी शुरुआत कैसे सुनिश्चित की जाए। |
| **सार्वजनिक सर्वेक्षण** | एक पल्स सर्वेक्षण, जिसे यह जानने के लिए विकसित किया गया था कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार को कार्यनीति के तहत किन चीज़ों पर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, 19 जनवरी 2023 को DSS Engage पर शुरू हुआ और 3 अप्रैल 2023 को बंद हो गया। सर्वेक्षण को 2,243 प्रतिक्रियाएं मिलीं। |
| **सार्वजनिक प्रस्तुतियाँ** | 4 फरवरी 2023 को प्रकाशित, हमारे सबसे छोटे बच्चों के लिए ऑस्ट्रेलिया की आकांक्षाओं और प्रारंभिक वर्षों में ऑस्ट्रेलियाई सरकार की भूमिका पर सलाह, विचार और प्रतिक्रिया लेने के लिए एक चर्चा पत्र।<br>परामर्श अवधि 12 सप्ताह की थी और 30 अप्रैल 2023 को बंद कर दी गई। कई व्यक्तियों, शीर्ष संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और विशेषज्ञों (थिंक टैंक), सेवा प्रदाताओं और सरकारों द्वारा प्रतिक्रिया प्रदान की गई, 352 प्रस्तुतियाँ प्राप्त की गई। |
| **राउंडटेबल मीटिंग** | फरवरी 2023 और जुलाई 2023 के बीच ऑस्ट्रेलिया भर में व्यक्तिगत रूप से और वर्चुअली 39 राउंडटेबल मीटिंग्स आयोजित की गईं, जिनमें 750 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।<br>प्रत्येक राज्य और टेरिटरी में राउंडटेबल मीटिंग आयोजित की गईं। इसमें सामाजिक सेवा मंत्री, माननीय Amanda Rishworth सांसद, और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा मंत्री, माननीय Dr Anne Aly सांसद और कुछ चुनिंदा मामलों में संसद सदस्यों द्वारा आयोजित राउंडटेबल मीटिंग शामिल थीं। |
| **बच्चों द्वारा परामर्श** | हमने यह जानने की कोशिश की कि बच्चों के जीवन में सबसे ज्यादा क्या चीज़ मायने रखती है, जिसमें लोग, स्थान और गतिविधियाँ शामिल हैं। हमने उनसे पूछा कि किस चीज़ से आज का दिन बेहतर बनेगा। सामुदायिक पेंटिंग/कलाकृति, खुली सामग्री से लैंडस्केप निर्माण और अर्ध-संरचित चर्चा (सबसे अधिक खुशी वाला क्षण/स्मृति) का उपयोग करते हुए, 3 से 5 वर्ष के 115 बच्चों ने अपने विचार बताये। |
| **ड्राफ्ट कार्यनीति** | 7 दिसंबर 2023 को सामाजिक सेवा विभाग की वेबसाइट पर एक ऑनलाइन सर्वेक्षण के साथ ड्राफ्ट कार्यनीति को प्रकाशित किया गया, इसे 9 फरवरी 2024 तक उपलब्ध रखा गया था। 405 सर्वेक्षण प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 के दौरान  माता-पिता और देखभालकर्ताओं के साथ अनुसंधान आयोजित किया गया, जिसमें 230 प्रतिभागी शामिल हुए। |

## शासन

कार्यनीति के विकास की निगरानी वरिष्ठ स्तरीय ऑस्ट्रेलियाई सरकार की संचालन समिति द्वारा की गई। संचालन समिति को अंतरविभागीय कार्य समूह के साथ-साथ *सलाहकार पैनल* द्वारा भी समर्थित किया गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई प्रारंभिक बाल्यावस्था के ज्ञान की विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाले 14 लोग शामिल थे, जिन्होंने बच्चों और परिवारों को सर्वोत्तम समर्थन देने के तरीके पर संचालन समिति को गहरी समझ और विशेषज्ञता प्रदान की। सलाहकार पैनल में निम्नलिखित शामिल हैं:

- **Matthew Cox** – ब्रायन फाउंडेशन (Bryan Foundation) के कार्यकारी निदेशक। Mr Cox गैर-लाभकारी और लोक-हितैषी क्षेत्रों में कई नेतृत्वकारी भूमिकाएँ निभाते हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया के बच्चों के लिए इन्वेस्टमेंट डायलॉग भी शामिल है।
- **Jamie Crosby**– फ़ैमिलीज़ ऑस्ट्रेलिया (Families Australia) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, परिवारों और बच्चों की सुरक्षा और भलाई के अधिवक्ता हैं।

- **Penny Dakin**– मिंडेरू फाउंडेशन (Minderoo Foundation) की सामुदयिक कार्यकारी निदेशिका और बच्चों और युवाओं के लिए ऑस्ट्रेलियाई अनुसंधान गठबंधन (Australian Research Alliance for Children and Youth) की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी।
- **Georgie Dent**– द पेरेंटहुड (The Parenthood) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी। Ms Dent परिवारों, महिलाओं, बच्चों, लैंगिक समानता और मानसिक स्वास्थ्य की प्रसिद्ध अधिवक्ता हैं।
- **Professor Sharon Goldfeld**– प्रारंभिक वर्षों के प्रख्यात और अत्यधिक सम्मानित विशेषज्ञ। Professor Goldfeld रॉयल चिल्ड्रेन हॉस्पिटल सेंटर फॉर कम्युनिटी चाइल्ड हेल्थ (Royal Children's Hospital Centre for Community Child Health) में बाल रोग विशेषज्ञ और सार्वजनिक स्वास्थ्य शोधकर्ता हैं, और मर्डोक चिल्ड्रन रिसर्च इंस्टीट्यूट (Murdoch Children's Research Institute) में जनसंख्या स्वास्थ्य के थीम डॉयरेक्टर हैं।
- **Anne Hollonds** – ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय बाल आयुक्त। Ms Hollonds के पास अग्रिम पंक्ति (फ्रंट लाइन) की भूमिकाओं में और CEO के रूप में अनुसंधान, नीति और सेवा वितरण का नेतृत्व करने का व्यापक अनुभव है, जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा, बाल संरक्षण, आउट-ऑफ़-होम देखभाल, घरेलू और पारिवारिक हिंसा, बच्चे और परिवार की थेरेपी, पेरेंटिंग शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य शामिल है।
- **Catherine Liddle** – SNAICC-नेशनल वॉइस फॉर आवर चिल्ड्रन (National Voice for our Children) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी। Ms Liddle एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों और परिवारों के अधिकारों के लिए अग्रणी अधिवक्ता हैं।
- **Sylvana Mahmic**– प्लमट्री चिल्ड्रेन्स सर्विसेज (Plumtree Children's Services) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, Ms Mahmic ने प्रारंभिक बाल्यावस्था के हस्तक्षेप क्षेत्र में 28 वर्षों से अधिक समय तक काम किया है, उन्हें संपूर्ण परिवार और सहकर्मी (whole-of-family and peer-led) नेतृत्व वाले दृष्टिकोण में विशेष विशेषज्ञता प्राप्त है।
- **Professor Helen Milroy**– पर्थ चिल्ड्रेन हॉस्पिटल (Perth Children's Hospital) और यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया (University of Western Australia) में बाल और किशोर मनोचिकित्सा (Child and Adolescent Psychiatry) के स्टेन पेरोन प्रोफेसर (Stan Perron Professor) हैं। Professor Milroy बाल और किशोर मनोरोग विशेषज्ञ हैं, जो स्वदेशी ज्ञान और देखभाल के सांस्कृतिक मॉडल के अनुप्रयोग में कुशल हैं।
- **Samantha Page**– अर्ली चाइल्डहुड ऑस्ट्रेलिया (Early Childhood Australia) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी। Ms Page यह सुनिश्चित करने के लिए नीतियों और कार्यक्रमों का पक्षसमर्थन करती हैं कि हर छोटे बच्चे को विकास करने और सीखने का अवसर मिले।
- **Professor Fiona Stanley AC**– बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञ और बच्चों और परिवारों की जरूरतों के लिए वोकल एडवोकेट। Professor Stanley, टेलीथॉन किड्स इंस्टीट्यूट (Telethon Kids Institute) के संस्थापक निदेशक थे, और इसके वर्तमान संरक्षक हैं।
- **Dr Amanda Walsh**– अर्ली लर्निंग एंड केयर काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया (Early Learning and Care Council of Australia)(ELACCA) में पार्टनरशिप मैनेजर।
- **Emma Watkins**– क्रिएटिव चिल्ड्रन स्क्रीन मीडिया (creative children's screen media) के साथ विजुअल संचार के माध्यम से एकीकृत पहुंच पर ध्यान केंद्रित करते हुए बच्चों के लिए मनोरंजनकर्ता।
- **The Hon Jay Weatherill**– मिंडेरू फाउंडेशन द्वारा थ्राइव बाय फाइव कैंपेन (Thrive by Five Campaign by Minderoo Foundation) के निदेशक और अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट (Early Childhood Development) के पूर्व SA मंत्री।

# परिशिष्ट 2: प्रारंभिक वर्षों के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के समर्थन, पहल और योजनाएँ

## समर्थन

ऑस्ट्रेलियाई सरकार प्रारंभिक वर्षों में विकास के विभिन्न चरणों में विश्वव्यापी और लक्षित नीतियों और कार्यक्रमों द्वारा समर्थन प्रदान करती है। इन समर्थनों में ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा वित्त पोषित समर्थन और कार्यक्रमों को वितरित करने के लिए राज्यों और टेरिटरी के साथ ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साझेदारी समर्थन शामिल हैं। प्रत्येक बच्चे और परिवार के लिए समर्थन उनकी विशिष्ट परिस्थितियों को दर्शाता है।

| प्रारंभिक वर्षों का चरण | ऑस्ट्रेलियाई सरकार के निवेश |
|---|---|
| **प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर** | → स्वस्थ गर्भावस्था और जन्म कार्यक्रम और संसाधन, जिसमें बर्थिंग ऑन कंट्री पहल भी शामिल है<br>→ समय से पहले जन्म और मृत-जन्म को कम करने की पहल<br>→ गर्भावस्था के दौरान हानि से बचने के उपाय<br>→ सरकारी अस्पताल की सेवाएँ, जिसमें प्रसव और मातृत्व सेवाएँ शामिल हैं<br>→ प्रसवपूर्व सेवाओं और गर्भावस्था सहायता परामर्श सेवाओं के लिए मेडिकेयर बेनिफिट्स शेड्यूल में छूट<br>→ उच्च गुणवत्ता वाली मातृत्व देखभाल प्रणाली का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय मार्गदर्शन, इसके साथ ही मिडवाइफ के समर्थन और प्रशिक्षण<br>→ नवजातब्लडस्पॉट स्क्रीनिंग कार्यक्रम और नवजात हेयरिंग स्क्रीनिंग (सुनने की शक्ति की जाँच के) टेस्ट के लिए फंडिंग<br>→ स्तनपान को बढ़ावा देने और उसकी सुरक्षा के लिए पहल, समय से पहले जन्मे बच्चों के लिए पाश्चुरीकृत डोनर ह्यूमन मिल्क कार्यक्रम, और शिशु और बच्चों के पोषण का समर्थन करने के लिए कार्यक्रम<br>→ प्रसवकालीन मानसिक स्वास्थ्य पहल, जिसमें नए और भावी माता-पिता की जांच शामिल है |
| **मातृत्व/पितृत्व की ओर जाना, और पेरेंटिंग और परिवार का समर्थन** | → पैरेंटल लीव पे<br>→ पात्र माता-पिता को आय सहायता भुगतान और बाल सहायता सहित पारिवारिक सहायता भुगतान<br>→ प्लेग्रुप और टॉय लाइब्रेरी के लिए फंडिंग<br>→ स्वदेशी उन्नति कार्यनीति (Indigenous Advancement Strategy) जो प्रारंभिक बाल्यावस्था के विकास और सक्षम गतिविधियों को वित्त पोषित करती है<br>→ पारिवारिक संबंध सेवाएँ जो शीघ्र हस्तक्षेप और रोकथाम सेवाएँ प्रदान करती हैं और उन परिवारों पर ध्यान केंद्रित करती हैं जिन्हें कोई खतरा हो<br>→ पारिवारिक मानसिक स्वास्थ्य समर्थन सेवाएँ जिनका उद्देश्य बच्चों और युवाओं और उनके परिवारों के लिए मानसिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना है<br>→ साक्ष्य-आधारित पेरेंटिंग संसाधनों और कार्यक्रमों के लिए फंडिंग, जैसे कि रेज़िंग चिल्ड्रन नेटवर्क वेबसाइट और ऑनलाइन पेरेंटिंग प्रोग्राम<br>→ शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए स्वस्थ भोजन, पोषण और शारीरिक गतिविधि पर माता-पिता (और स्वास्थ्य और शिक्षा पेशेवरों और इंडस्ट्री) के लिए संसाधन<br>→ पारिवारिक, घरेलू और यौन हिंसा की रोकथाम, शीघ्र हस्तक्षेप, प्रतिक्रिया, रिकवरी और उपचार |
| **विश्वव्यापी स्वास्थ्य सहायता** | → बच्चों के लिए सामान्य चिकित्सक और चिकित्सा विशेषज्ञ सेवाओं, फिजियोथेरेपी, सामुदायिक नर्सों और दंत चिकित्सा सेवाओं तक पहुँच में सहायता<br>→ बच्चों और परिवार की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच के लिए मेडिकेयर के माध्यम से सहायता जिसमें सरकारी अस्पताल की सेवाओं की लागत और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की कुछ या पूरी लागत शामिल है<br>→ फार्मास्युटिकल बेनेफिट्स स्कीम (लाभ योजना), जो कुछ प्रिस्क्रिप्शन वाली दवाओं की लागत को कम करती है |

| प्रारंभिक वर्षों का चरण | ऑस्ट्रेलियाई सरकार के निवेश |
|---|---|
| | → 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सबसे आम प्रैक्टिस परामर्श के लिए बल्क-बिलिंग प्रोत्साहन में वृद्धि<br>→ एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों और परिवारों के लिए समुदाय-नियंत्रित एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक पहुंच<br>→ राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम |
| विकासात्मक समर्थन | → हेयरिंग आकलनों (सुनने की शक्ति) से संबंधित परीक्षण के लिए फंडिंग और कान संबंधी दिक्कतों, और ग्रामीण और रिमोट (दूरवर्ती) क्षेत्रों में कान और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सर्जिकल हस्तक्षेप तक पहुंच में सुधार के लिए समर्थन<br>→ 9 वर्ष से कम आयु के पात्र बच्चों को NDIS प्रारंभिक बाल्यावस्था दृष्टिकोण के माध्यम से सहायता, जिसमें विकास संबंधी देरी वाले 6 वर्ष से कम आयु के बच्चे भी शामिल हैं।<br>→ 7 वर्ष से कम आयु के विकलांग बच्चे जो विकास संबंधी देरी की परिभाषा को पूर्ण नहीं करते हैं, और विकलांगता या उभरती विकासात्मक चिंताओं के साथ हाल ही में पहचान किए गए बच्चे, जो NDIS के समर्थन से बाहर हैं, उनके लिए लक्षित समर्थन जिसे समर्थित प्लेग्रुप पैरेंट वर्कशॉप और ऑनलाइन सूचना और संसाधनों के माध्यम से प्रदान किया जाता है<br>→ लक्षित और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील गतिविधियों के माध्यम से विकलांगता या विकास संबंधी चिंताओं वाले एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों का समर्थन करने के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था आउटरीच पहल<br>→ बाल और पेरेंटिंग सहायता (चिल्ड्रन एंड पेरेंटिंग सपोर्ट)(CAPS) सेवाएँ जो बच्चों के विकास और भलाई में सुधार पर ध्यान देती हैं, जिसमें पेरेंटिंग/देखभालकर्ता की भूमिका वाले लोगों के लिए भी सहायता शामिल होती है।<br>→ प्रारंभिक बाल्यावस्था के शिक्षकों के लिए समर्थन और प्रशिक्षण ताकि बच्चों की भलाई में सहायता दी जा सके और यह पहचान की जा सके कि बच्चों को कब मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि नेशनल मेन्टल हेल्थ इन एजुकेशन पहल – बी यू (अपना अस्तित्व बनाएँ) |
| प्रारंभिक शिक्षा और स्कूल में जाने की तैयारी | → माता-पिता और देखभालकर्ताओं को समर्थन प्रदान करने के लिए प्रारंभिक शिक्षा कार्यक्रम, प्लेग्रुप, संरचित घर-आधारित परवरिश और प्रारंभिक बाल्यावस्था के शिक्षा कार्यक्रम<br>→ चाइल्ड केयर सब्सिडी के माध्यम से परिवारों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल प्राप्त करने में समर्थन<br>→ चाइल्ड केयर सेफ्टी नेट के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया के सबसे अतिसंवेदनशील बच्चों के लिए अतिरिक्त समर्थन<br>→ राज्यों और टेरिटरीज के साथ 2022-2025 प्रीस्कूल रिफॉर्म एग्रीमेंट, ताकि स्कूल शुरू करने से पिछले वर्ष में प्रत्येक बच्चे के लिए प्रति सप्ताह 15 घंटे (या प्रति वर्ष 600 घंटे) के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रीस्कूल तक पहुँच को सुनिश्चित किया जा सके।<br>→ प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और देखभाल क्षेत्र में निरंतर सुधार लाने और उच्च गुणवत्ता वाले प्रारंभिक बचपन के अध्यापकों और शिक्षकों को आकृष्ट करने, उनका विकास करने और उन्हें नौकरी पर बनाए रखने के लिए राज्यों और टेरिटरीज के साथ काम करना।<br>→ स्वदेशी उन्नति योजना चिल्ड्रन एंड स्कूलिंग कार्यक्रम (Indigenous Advancement Strategy's Children and Schooling Program) जो एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों को उच्च गुणवत्ता और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल तक पहुंच और जुड़ाव ,और माता-पिता, रिश्तेदारों और देखभालकर्ताओं को समर्थन प्रदान करते हैं। |
| एकीकृत और स्थानीय दृष्टिकोण | → ऑस्ट्रेलिया भर में 40 साइटों (स्थलों) पर स्वास्थ्य और प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल के साथ जुड़ाव बढ़ाने के लिए कनेक्टेड बिगिनिंग्स प्रोग्राम (The Connected Beginnings Program)<br>→ प्राथमिक स्वास्थ्य नेटवर्क के लिए फंडिंग, यह ऐसे स्वतंत्र संगठन होते हैं जो लोगों, विशेषकर खराब स्वास्थ्य परिणामों के जोखिम वाले लोगों, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार लाने के लिए अपने क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का समन्वय करते हैं।<br>→ कम्युनिटी फॉर चिल्ड्रन फैसिलिटेटिंग पार्टनर्स, जो सामुदायिक भागीदारों को लक्षित सेवाएँ जैसे कि पेरेंटिंग सपोर्ट, ग्रुप पीयर सपोर्ट, केस मैनेजमेंट, होम विजिटिंग, सामुदायिक कार्यक्रम और लाइफ स्किल्स कोर्स प्रदान करने के लिए फंड प्रदान करते हैं। |

| प्रारंभिक वर्षों का चरण | ऑस्ट्रेलियाई सरकार के निवेश |
|---|---|
| | → सुदृढ़ स्थान, सुदृढ़ लोग (Stronger Places, Stronger People), एक गहन स्थानीयकृत दृष्टिकोण जो सेवा समन्वय और प्रभावशीलता में सुधार लाता है, और समुदाय-नेतृत्व, सामूहिक प्रभावशाली दृष्टिकोण के माध्यम से स्थानीय नुकसान को समाप्त करता है<br>→ ऑस्ट्रेलिया भर में बच्चों और उनके परिवारों के लिए एकीकृत, बहु-विषयक सहायता प्रदान करने के लिए हेड टू हेल्थ किड्स हब के राष्ट्रीय नेटवर्क के लिए फंडिंग |
| **डेटा और साक्ष्य** | → ऑस्ट्रेलिया के बच्चों का लोंगिट्युडिनल अध्ययन<br>→ स्वदेशी बच्चों का लोंगिट्युडिनल अध्ययन<br>→ ऑस्ट्रेलियन ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स लाइफ कोर्स डेटा एसेट<br>→ ऑस्ट्रेलियाई बाल कल्याण डेटा एसेट<br>→ ऑस्ट्रेलियाई बाल दुर्व्यवहार स्टडी वेव 2<br>→ ऑस्ट्रेलियाई प्रारंभिक विकास जनगणना<br>→ राष्ट्रीय बाल एवं किशोर मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण<br>→ नवजात शिशु की हेयरिंग स्क्रीनिंग (सुनने की शक्ति की जांच) के लिए नेशनल बेस्ट एंडेवर्स डेटा सेट (राष्ट्रीय डेटा संग्रह की दिशा में मूलभूत कार्य) |

# पहल और सुधार

ऑस्ट्रेलियाई सरकार कई क्षेत्रों में सुधार ला रही है जिससे प्रारंभिक वर्षों में सुरक्षा संबंधी कारकों का निर्माण करने या बाल्यावस्था संबंधी प्रतिकूलता, खराब स्वास्थ्य, दुर्व्यवहार या उपेक्षा को संबोधित करने में मदद मिलेगी। ये गतिविधियाँ व्यापक हितधारक जुड़ाव, नीति कार्य और व्यापक परामर्श का परिणाम हैं।

इसमें वह कार्य शामिल है जो राष्ट्रीय हित और प्रयास के क्षेत्रों में हम राज्य और टेरिटरी सरकारों के साथ मिलकर करते हैं, इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

प्रीस्कूल सुधार समझौता (प्रीस्कूल रिफॉर्म एग्रीमेंट)

प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास नीति भागीदारी।

यह कार्यनीति ***इंटरलॉकिंग टुकड़े*** के जैसे है। यह ऑस्ट्रेलियाई सरकार में काम को संरेखित करने और बढ़ाने तथा प्राथमिकताओं पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत ढांचा प्रदान करती है। छोटे बच्चों को प्रभावित करने वाली सभी नीतियों के लिए 'एक स्थान' बनना कार्यनीति का उद्देश्य नहीं है; इसका उद्देश्य प्रारंभिक वर्षों में बेहतर परिणाम देने वाले कार्य को प्रभावित और संयोजित करना है।

प्रारंभिक बाल्यावस्था में अधिक जटिल चुनौतियों, या केंद्रित प्रयास द्वारा अच्छे परिणाम वाले क्षेत्रों को कई कार्यनीतियों, समझौतों और सुधार द्वारा संबोधित किया जा रहा है।

| राष्ट्रीय योजनाएँ, समझौते और सुधार | विवरण |
|---|---|
| स्वीकृत शिक्षण ढाँचे (ALFS) | दो राष्ट्रीय ALFS द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था के शिक्षकों का समर्थन और बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है:<br>• *बिलोंगिंग, बीइंग एंड बिकमिंग: ऑस्ट्रेलिया में प्रारंभिक वर्षों के लिए शिक्षण का ढांचा* जो 0 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षण का ढांचा प्रदान करता है<br>• *मेरा समय, हमारा स्थान (My Time, Our Place): ऑस्ट्रेलिया में स्कूल ऐज केयर के लिए ढांचा* जो आउट ऑफ स्कूल हॉर्स (स्कूली कार्य-समय के बाहर) की देखभाल के लिए शिक्षण का ढांचा प्रदान करता है। |
| ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय स्तनपान (ब्रेस्टफीडिंग) कार्यनीति: 2019 और उससे आगे | स्तनपान को बढ़ावा देने और उसकी सुरक्षा के लिए माताओं और परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई, टेरिटरी, क्षेत्र और स्थानीय सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को बनाने और सूचित करने के लिए एकीकृत, समन्वित रूप से कार्य के लिए ढांचा। |
| ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता योजना 2021-2031 | राष्ट्रीय विकलांगता नीति के लिए ढांचा जिसे सरकार के सभी स्तरों पर सहमति प्राप्त है जो विकलांगता ग्रस्त लोगों को अपने समुदायों के समान सदस्यों के रूप में अपनी |

| राष्ट्रीय योजनाएँ, समझौते और सुधार | विवरण |
|---|---|
| | क्षमता को पूरा करने में सक्षम बनाता है। यह विकलांगता के रूप में पहचान होने वाले 6 में से 1 ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति को समर्थन प्रदान करता है। |
| ऑस्ट्रेलिया की प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल 10 वर्षीय योजना 2022-2032 | स्वास्थ्य प्रणाली के हिस्से के रूप में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को सुदृढ़ बनाने पर ध्यान देती है और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुधार के लिए एक दशक की कार्यसूची प्रदान करती है। |
| राष्ट्रमंडल बाल सुरक्षित ढांचा | ऑस्ट्रेलियाई सरकारी संस्थाओं में बाल सुरक्षित वातावरण और प्रथाओं का निर्माण और रखरखाव करने के लिए न्यूनतम मानक निर्धारित करता है। |
| प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास नीति भागीदारी | यह एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों और परिवारों के प्रारंभिक बाल्यावस्था के परिणामों में, अंतर समाप्ति के राष्ट्रीय समझौते के तहत, सभी ऑस्ट्रेलियाई सरकारों की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप, सुधार लाने के लिए अनुशंसाएँ विकसित करने के उद्देश्य से सरकारों और एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर प्रतिनिधियों को एकजुट करती है। |
| प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास क्षेत्र सुदृढ़ीकरण योजना | अंतर समाप्ति के राष्ट्रीय समझौते के तहत सभी ऑस्ट्रेलियाई सरकारों की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर समुदाय-नियंत्रित प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास सेवा क्षेत्र का समर्थन और निर्माण करने के लिए कार्य निर्धारित करती है। |
| प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और देखभाल उद्देश्य | राष्ट्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 31 अगस्त 2022 को शिक्षा मंत्रियों को माता-पिता की भागीदारी और बच्चों की शिक्षा और विकास परिणामों का समर्थन करने के लिए एक राष्ट्रीय, दीर्घकालिक उद्देश्य विकसित करने का काम सौंपा गया।<br><br>यह सहयोगात्मक कार्य प्रारंभिक वर्षों की योजना से अलग है, लेकिन उसमें संपूर्णता लाने में सहायता प्रदान करता है। राष्ट्रमंडल और राज्यों और टेरिटरीज के मध्य सहयोगात्मक कार्य से ECEC उद्देश्य का विकास किया गया है, जो विशेष रूप से प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल क्षेत्र पर केंद्रित है। प्रारंभिक वर्षों की योजना में बच्चों के प्रारंभिक वर्षों का व्यापक दृष्टिकोण शामिल है। |
| आर्थिक समावेशन सलाहकार समिति | समिति की भूमिका प्रत्येक फ़ेडरल बजट से पहले सरकार को आर्थिक समावेशन और नुकसान से निपटने पर स्वतंत्र सलाह प्रदान करना है। |
| **फ़ॉउंडेशनल समर्थन** (विकास की प्रक्रिया में) | राष्ट्रीय मंत्रिमंडल ने NDIS के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सुधारों की आवश्यकता को स्वीकृति प्रदान की है, जिससे भावी पीढ़ी के विकलांगता ग्रस्त ऑस्ट्रेलियाई लोगों को आवश्यक सहायता मिलना सुनिश्चित होता है। 6 दिसंबर 2023 को, राष्ट्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल और राज्यों को संयुक्त रूप से अतिरिक्त फ़ॉउंडेशनल समर्थन की रूपरेखा तैयार करने की सहमति दी। NDIS समीक्षा में प्रस्तावित किया गया है कि फ़ॉउंडेशनल समर्थन में विकलांगता ग्रस्त लोगों के लिए 'सामान्य' समर्थन और उन लोगों के लिए 'लक्षित' समर्थन शामिल हों जो NDIS के लिए पात्र नहीं हैं और जिन्हें अतिरिक्त समर्थन की सबसे अधिक आवश्यकता है। |
| राष्ट्रीय एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर प्रारंभिक बाल्यावस्था कार्यनीति | यह उद्देश्य निर्धारित करती है कि एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चे (0 से 5 वर्ष) स्वस्थ पैदा हों जन्म और सुदृढ़ बने रहें, और सुदृढ़ परिवारों द्वारा उनका पालन-पोषण किया जाए, और वे प्रारंभिक वर्षों में फले-फूलें। |
| बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना 2020-2030 | यह सभी बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय दृष्टिकोण दर्शाती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पृष्ठभूमियों और जीवन क्षेत्रों के बच्चों और युवाओं को अपनी क्षमता तक पहुँचने के समान अवसर मिले और वे स्वस्थ, सुरक्षित और विकसित हों। |
| अंतर समाप्ति पर राष्ट्रीय समझौता | यह रेखांकित करता है कि एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों द्वारा अनुभव की गई असमानता को दूर करने के लिए एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोग और सभी सरकारें वास्तविक साझेदारी में कैसे काम करेंगी। |
| राष्ट्रीय ऑटिज़्म कार्यनीति (विकास की प्रक्रिया में) | यह जीवन के प्रत्येक चरण पर ऑटिस्टिक लोगों का समर्थन करने के लिए एक और अधिक समन्वित, राष्ट्रीय दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करने के लिए एक कार्यनीति प्रदान करेगी। |

| राष्ट्रीय योजनाएँ, समझौते और सुधार | विवरण |
|---|---|
| राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति (विकास की प्रक्रिया में) | ऑस्ट्रेलिया के देखभालकर्ताओं का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय एजेंडा प्रदान करने के लिए विकसित की जाएगी। |
| राष्ट्रीय बाल मानसिक स्वास्थ्य और भलाई कार्यनीति | जन्म से लेकर 12 वर्ष तक के बच्चों के साथ-साथ उनका पालन-पोषण करने वाले परिवारों और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करती विश्वभर में अपनी तरह की पहली कार्यनीति। |
| राष्ट्रीय भ्रूण अल्कोहल स्पेक्ट्रम विकार (FASD) स्ट्रेटेजिक कार्यनीति कार्य योजना 2018-2028 | भ्रूण अल्कोहल स्पेक्ट्रम विकार की व्यापकता और व्यक्तियों, परिवारों, देखभालकर्ताओं और समुदायों पर पड़ने वाले इसके प्रभाव को कम करती है। |
| महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध हिंसा समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय योजना 2022-2032 | ऑस्ट्रेलिया में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध हिंसा को रोकती है और इसपर प्रतिक्रिया करती है, इसका उद्देश्य एक पीढ़ी में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करना है। |
| राष्ट्रीय निवारक स्वास्थ्य कार्यनीति 2021-2030 | सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों के स्वास्थ्य और भलाई में सुधार के लिए काम करती है, चाहे वे जीवन के किसी भी चरण में हों। |
| राष्ट्रीय गुणवत्ता फ्रेमवर्क (NQF) की समीक्षा | ऑस्ट्रेलिया भर में शिक्षा और देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता के लिए राष्ट्रीय दृष्टिकोण प्रदान करती है। |
| राष्ट्रीय मृत जन्म कार्रवाई और कार्यान्वयन योजना | इसमें ऐसी कार्रवाइयां शामिल हैं जिनका उद्देश्य मृत जन्म को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि मृत जन्म से प्रभावित परिवारों को सम्मानजनक और सहायक देखभाल मिले। |
| देखभाल और समर्थन अर्थव्यवस्था के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति (विकास की प्रक्रिया में) | ऐसी सुस्थिर और उत्पादक देखभाल और समर्थन अर्थव्यवस्था के लिए रोडमैप प्रदान करेगी जहाँ अच्छी नौकरियों के साथ गुणवत्तापूर्ण देखभाल भी प्रदान की जाती है। |
| लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति | लैंगिक समानता प्राप्त करने की राष्ट्रीय कार्यनीति पूरे समुदाय के लिए कार्यों का मार्गदर्शन करेगी ताकि ऑस्ट्रेलिया दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लैंगिक-समान समाज वाले देशों में से एक हो। |
| बाल यौन शोषण को रोकने और इसपर प्रतिक्रिया करने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति 2021-2030 | इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऑस्ट्रेलिया में बच्चे और युवा हर स्थिति में यौन शोषण से सुरक्षित रहें और शोषण से पीड़ित और इससे बाहर निकले लोगों अर्थात सर्वाइवरों को समर्थित और सशक्त बनाया जाए। |
| प्रीस्कूल सुधार समझौता 2022-2025 | इसके द्वारा 2025 के अंत तक प्रीस्कूल के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार की फंडिंग और प्रीस्कूल भागीदारी और परिणामों में सुधार के लिए सहमति प्रदान की गई है। |
| सुरक्षित और समर्थित: ऑस्ट्रेलिया के बच्चों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय ढांचा 2021-2031 | इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऑस्ट्रेलिया में बच्चे और युवा सुरक्षित और समर्थित रहते हुए, किसी भी हानि और उपेक्षा से मुक्त होकर बढ़ते हुए अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचें। |
| अपने भविष्य को आकार देना (शेपिंग आवर फ्यूचर): राष्ट्रीय बाल शिक्षा और देखभाल कार्यबल योजना | बच्चों की शिक्षा और देखभाल क्षेत्र में कार्यबल की भर्ती, प्रतिधारण (रिटेन्शन), सुस्थिरता और गुणवत्ता का समर्थन करती है। |
| निहित हानि को लक्षित करना | इसके द्वारा समुदाय-आधारित परिवर्तन की नींव रखी जाती है, प्रमुख हितधारकों के साथ वास्तविक साझेदारी और क्षमता निर्माण की सुविधा, और विश्वव्यापी सामाजिक सेवा पेशकशों को संपूर्णता मिलती है। इसके तहत अंतर-पीढ़ीगत नुकसान और बच्चों और परिवार की भलाई के लिए सुधार पर विशेष ध्यान दिया गया है। |
| The Wiyi Yani U Thangani (Women's Voices) नेशनल फ्रेमवर्क फॉर एक्शन | यह एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर महिलाओं और लड़कियों द्वारा संरचित और नेतृत्व किए जाने वाले क्षमता-आधारित पहलों में सार्वजनिक और निजी निवेश का मार्गदर्शन करता है। |
| ट्रेज़री वेलबीइंग फ्रेमवर्क: मेज़रिंग व्हॉट मैटर्स | यह अधिक स्वस्थ, सुरक्षित, सुस्थिर, एकजुट और समृद्ध ऑस्ट्रेलिया की दिशा में प्रगति को जांचता है। |

| राष्ट्रीय योजनाएँ, समझौते और सुधार | विवरण |
|---|---|
| महिला-केंद्रित देखभाल: ऑस्ट्रेलियाई मातृत्व सेवाओं के लिए योजनात्मक निर्देश | इसके द्वारा ऑस्ट्रेलिया की उच्च गुणवत्ता वाली मातृत्व देखभाल प्रणाली का समर्थन करने के लिए व्यापक राष्ट्रीय योजनात्मक निर्देश प्रदान किए जाते हैं। |

| समीक्षाएँ, जांच और रिपोर्ट | विवरण |
|---|---|
| **ऑस्ट्रेलियन कम्पटीशन एंड कंस्यूमर कमीशन चाइल्डकैअर इन्क्वायरी 2023** | बाल देखभाल (चाइल्डकेयर) सेवाओं की आपूर्ति के लिए मार्किट (बाज़ार) की जांच। अंतिम रिपोर्ट 29 जनवरी 2024 को दी गई। |
| **NDIS की स्वतंत्र समीक्षा** | NDIS के डिजाइन, संचालन और सुस्थिरता की स्वतंत्र समीक्षा। अंतिम रिपोर्ट दिसंबर 2023 में जारी की गई। |
| **इंटरजेनरेशनल (अंतर-पीढ़ीगत) रिपोर्ट 2023: 2063 तक ऑस्ट्रेलिया का भविष्य** | रिपोर्ट 2062-63 तक अर्थव्यवस्था और ऑस्ट्रेलियाई सरकार के बजट के दृष्टिकोण का अनुमान लगाती है। |
| **प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और देखभाल (ECEC) में प्रोडक्टिविटी कमीशन इन्क्वायरी** | ECEC प्रणाली के लिए इन्क्वायरी, जिसमें केंद्र-आधारित डे केयर, प्रीस्कूल, पारिवारिक डे केयर, आउटसाइड स्कूल ऑवर केयर (स्कूली कार्य समय के बाहर की देखभाल) और घर में देखभाल शामिल है। अंतिम जांच रिपोर्ट 30 जून 2024 को आएगी। |
| **विकलांग लोगों के प्रति हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण पर रॉयल कमीशन** | सभी परिवेशों में हर तरह की हिंसा और दुर्व्यवहार के लिए इन्क्वायरी, और हमारे द्वारा हिंसा और दुर्व्यवहार के अंतर्निहित कारणों को कैसे संबोधित किया जा सकता है और समाज में समावेशिता को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है, इसके बारे में सभी सरकारों के लिए अनुशंसाएँ। अंतिम रिपोर्ट सितंबर 2023 में प्रकाशित हुई और इसमें 222 सिफारिशें की गईं। |

# परिशिष्ट 3: शब्दकोष

ये परिभाषाएँ प्रारंभिक वर्षों की कार्यनीति के संदर्भ में दी गई हैं। वे विस्तृत नहीं हैं और साहित्य तथा विभिन्न न्यायक्षेत्रों में प्रयुक्त परिभाषाओं में अंतर हो सकता है।

| पारिभाषिक शब्द | विवरण |
|---|---|
| **एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर समुदाय-नियंत्रित क्षेत्र** | समुदाय-नियंत्रित संगठन जो एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर समुदायों और लोगों को **सुदृढ़** और सशक्त बनाने के लिए सेवा**एँ** प्रदान करते हैं और ये निम्नलिखित होते हैं:<br>• प्रासंगिक कानून और लाभ-निरपेक्ष के तहत निगमित<br>• एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों द्वारा नियंत्रित और संचालित<br>• उस समुदाय, या समुदायों से जुड़े होते हैं, जिसमें उनके द्वारा सेवा**एँ** प्रदान की जाती हैं<br>• बहुसंख्यक एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर शासीय संस्था (कम से कम 51%) द्वारा शासित। |
| **प्रसवपूर्व** | प्रसवपूर्व अवधि गर्भधारण से जन्म तक के समय को शामिल करती है, (इसके लिए  'जन्म से पूर्व' और 'पूर्व-जन्म' जैसे वैकल्पिक शब्द भी प्रयोग किये जाते हैं)। |
| **प्रसवपूर्व देखभाल** | प्रसवपूर्व देखभाल किसी गर्भवती महिला और मिडवाइफ या डॉक्टर के बीच गर्भावस्था अवधि के दौरान माँ और बच्चे की भलाई का आकलन करने और उसमें सुधार करने के लिए की गई योजनाबद्ध अपॉइंटमेंट होती है।इसमें गर्भावस्था की पुष्टि के उद्देश्य से की गई अपॉइंटमेंट्स शामिल नहीं होती हैं। |
| **समुदाय-आधारित** | समुदाय-आधारित दृष्टिकोण से तात्पर्य किसी नीति या कार्यक्रम से प्रभावित होने वाले समुदाय या समूह को उस नीति या कार्यक्रम के समर्थन, विकास, वितरण और मूल्यांकन में शामिल करने, और उसके साथ मिलकर उसकी रूपरेखा तैयार करने से है। |

| पारिभाषिक शब्द | विवरण |
|---|---|
| **सांस्कृतिक सुरक्षा** | सांस्कृतिक सुरक्षा बहुसंख्यक गैर-स्वदेशी स्थिति वाले समूहों और अल्पसंख्यक एबोरिजनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर व्यक्ति के बीच होने वाले स्थानों, लोगों और नीतियों की शक्ति असंतुलन को नियंत्रित करने के बारे में है, ताकि एबोरिजनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर व्यक्ति पर, वे कौन हैं और उन्हें किस चीज़ की आवश्यकता है, इसपर कोई वार, चुनौती या इससे कोई इनकार न हो। बहुसंख्यक स्थिति वाले समूहों द्वारा एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों की अद्वितीय सांस्कृतिक पहचान को मानने, सम्मान देने और विकसित करने से सांस्कृतिक सुरक्षा पूरी की जाती है। किसी सेवा या विचार-विमर्श को प्राप्त करने वाला एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर व्यक्ति ही यह निर्धारित कर सकता है कि यह सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित है या नहीं। |
| **प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल (ECEC)** | प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल से तात्पर्य बच्चे की सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक और शारीरिक क्षमताओं के समग्र विकास से है, जो प्रत्येक बच्चे की आवश्यकताओं को पूरा करे, ताकि जीवनभर सीखने और भलाई के लिए सुदृढ़ और व्यापक नींव तैयार की जा सके।<br>प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल केंद्रों में केंद्र-आधारित डे-केयर, सामयिक देखभाल, फैमिली डे-केयर, बहुउद्देशीय एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों की सेवाएँ, प्रीस्कूल और किंडरगार्टन, प्लेग्रुप, क्रेच, अर्ली-इंटरवेंशन (प्रारंभिक हस्तक्षेप) केंद्र और इसी तरह की अन्य सेवाएँ शामिल होती हैं। |
| **प्रारंभिक वर्ष** | कार्यनीति के अंतर्गत, जन्मपूर्व से लेकर 5 वर्ष की आयु तक की अवधि को 'प्रारंभिक वर्षों' द्वारा संदर्भित किया गया है। |
| **समानता** | समानता से तात्पर्य सभी बच्चों और परिवारों द्वारा समान परिणाम प्राप्त करने की सक्षमता से है – फिर चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। समानता यह पहचान करती  है कि सभी बच्चे विभिन्न पृष्ठभूमियों से आते हैं और विभिन्न वातावरण में रहते हैं, और इसका अर्थ यह है कि समान लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भी कभी-कभार उन्हें अलग-अलग समर्थन की आवश्यकता होती है। |
| **समावेशी** | समावेशी से तात्पर्य निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सभी बच्चों और उनके परिवारों की सामाजिक, सांस्कृतिक और भाषाई विविधता (सीखने की शैलियों, क्षमताओं, विकलांगताओं, लिंग, यौन पहचान, पारिवारिक परिस्थितियों और भौगोलिक स्थिति सहित) को शामिल करने से है। |
| **संबंध (रिश्तेदारी)** | संबंध प्रणाली एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर सामाजिक संगठन का एक पहलू है। यह एक जटिल प्रणाली है जो एकदूसरे के प्रति संबंध, भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और दायित्वों को निर्धारित करती है, और इसमें भूमि, विद्या, जन्म, विवाह और मृत्यु से संबंधित औपचारिक कार्य शामिल होते हैं। कई ऐसी विभिन्न संरचनाएं और संबंध होते हैं जो जरुरी नहीं कि जैविक ही हों और यह लोगों से आगे भी होते हैं। संबंध (किनशिप) में देश से संबंध को भी माना गया है: जिसमें जानवरों, स्थानों (भूमि, आकाश और जल), पूर्वजों, मौसम प्रणालियों और पौधों से संबंध भी शामिल हैं। |
| **LGBTIQA+** | लेस्बियन, समलैंगिक, उभयलिंगी, ट्रांसजेंडर, क्वीर, इंटरसेक्स, अलैंगिक और अन्य को संदर्भित करता है। |
| **प्रीस्कूल** | प्रारंभिक बाल्यावस्था का शैक्षिक कार्यक्रम जो औपचारिक स्कूल शुरू करने से एक या दो साल पहले प्रारंभिक बाल्यावस्था के योग्य शिक्षकों द्वारा अनुमोदित शिक्षण ढांचे का उपयोग करके बच्चों को प्रदान किया जाता है। |
| **साझे रूप से निर्णय लेना** | साझे रूप से निर्णय लेने से तात्पर्य प्रथम राष्ट्र संगठन का सरकार के साथ समान भागीदारी से है। अंतर समाप्ति (क्लोजिंग द गेप) के अनुरूप, साझे रूप से निर्णय लेने से पारदर्शिता बनी रहती है, जिससे दोनों पक्षों को समान मात्रा में जानकारी प्राप्त होती है और निर्णयों के प्रभावों की समीक्षा करने और समझने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। यह प्रथम राष्ट्र के लोगों को अपनी राय देने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें बुजुर्ग, युवा लोग, महिलाएँ और विकलांगता से ग्रस्त प्रथम राष्ट्र के लोग भी शामिल हैं। |
| **अतिसंवेदनशील और वंचित** | वंचित से तात्पर्य उस बच्चे या परिवार से है जो असामान्य रूप से कठिन स्थिति या परिस्थिति का अनुभव करता है।<br>अतिसंवेदनशील से तात्पर्य उस बच्चे या परिवार से है जो नुकसान होने के प्रति संवेदनशील है। |
| **भलाई** | भलाई से तात्पर्य किसी बच्चे या युवा के पास विकास और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए उपलब्ध आवश्यक संसाधनों से है। इसमें बच्चे के जीवन के सभी क्षेत्र शामिल हैं, जो आपस में संबंधित और जुड़े हुए होते हैं। |